e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 206

# प्रभात मंत्र

शनिवार
29.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
अपने जीवन में कभी शब्दों को कम मत आंकिये, क्योंकि जीवन में एक छोटा सा हां और एक छोटा सा ना सब कुछ बदलकर रख देता है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. Partha Sen
MBBS, MD
Clinical Oncologist
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 28⁰
न्युनतम 23⁰

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में बाढ़ से 10 की मौत, नदी-नाले उफान पर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में मानसून की बरसात कहर बरपा रही है। पिछले पांच दिन से मूसलाधार पानी बरस रहा है। बाढ़ और भूस्खलन से हालात बेहद खराब हैं। इस प्राकृतिक आपदा में गुरुवार को कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। पहाड़ी इलाकों के नदी-नाले उफान पर हैं। गांव बाढ़ से घिरे हैं। शहरी इलाके जलमग्न हैं। देश भर में मिट्टी के अधिकांश घर नष्ट हो गए। पाकिस्तान के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए कहा कि 30 जुलाई तक देश के ऊपरी और मध्य हिस्सों में जोरदार मानसून गतिविधि होने की संभावना है। इस समय रावी नदी और सतलज नदी के तटीय इलाकों में पानी भर गया है। इन नदियों पर बने तीन बांध लबालब हैं।

### निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची :** जमीन घोटाले के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। छवि रंजन के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि उन्हें सिर्फ मौखिक बयान के आधार पर आरोपित बनाया गया है। इसलिए छवि रंजन को जमानत दी जानी चाहिए। जबकि ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने अपनी बहस में कहा कि जमीन घोटाले के प्रमुख आरोपित छवि रंजन ही हैं, इसलिए इन्हें बेल नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। उल्लेखनीय है कि रांची के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित 10 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

### मंदिर के पुजारियों की नियुक्ति में जाति की भूमिका नहीं होगी मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई :** एक चुनौती पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश एस.वी. गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति पी.डी. ऑडिकेसवालु की खंडपीठ ने राज्य हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआर एंड सीई) विभाग की ओर से महाधिवक्ता आर. शनमुगसुंदरम और विशेष सरकारी वकील अरुण नटराजन को नोटिस जारी किया और मामले को 22 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया.न्यायाधीशों ने अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिसकी मांग सेलम के अपीलकर्ता मुथु सुब्रमण्यम गुरुक्कल ने की थी. उन्होंने कहा कि दूसरे पक्ष को जवाब दाखिल करने का अवसर दिए बिना ऐसी राहत नहीं दी जा सकती.

### वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सीएम

# क्लाइमेट चेंज को लेकर पूरी दुनिया चिंतित : हेमंत

**सीएम ने मोबाइल एप्लीकेशन आधारित हाथी विचरण निगरानी प्रणाली ऐप, वन विभागीय वेबसाइट, राष्ट्रीय ट्रांजिट पास प्रणाली का उद्घाटन किया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन वर्तमान समय में महत्वपूर्ण विषय है। राज्य सरकार पर्यावरण और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयासरत है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली नामकुम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस भौतिकवादी युग में कई ऐसी विकास की कड़ियां जुड़ रही हैं जो मानव जीवन और सभ्यता के लिए चुनौती बन रहा है। पूरे विश्व में क्लाइमेट चेंज को लेकर आज चिंतन और मंथन किया जा रहा है। आज वृक्षों को, जंगलों को कैसे बचाया जाए इस पर सरकार के साथ-साथ कई संस्थाएं काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हमारे पूर्वज क्लाइमेट चेंज पर चर्चा नहीं करते थे, वे वृक्ष बचाने की मुहिम नहीं चलाते थे, हमारे पूर्वज बहुत ज्यादा पढ़े-लिखे भी नहीं हुआ करते थे, लेकिन उन्होंने पूरी शिद्दत और ईमानदारी के साथ जंगल को जीवन का अभिन्न अंग समझा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गतिशील मानव को ऐसी जगह खड़ा होना पड़ा जहां मानव जीवन पर्यावरण संरक्षण के लिए जूझ रहा है।


#### रांची पहले समर कैपिटल के रूप में जाना जाता था

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि रांची कभी समर कैपिटल के रूप में जाना जाता था। एकीकृत बिहार के समय गर्मी के महीनों में रांची में ही विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता था। रांची के इर्द-गिर्द क्षेत्र में आज भी सर्दी के महीनों में बर्फ जमता है। रांची के आसपास कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां वो पेड़ मिलते हैं जो बर्फीले पहाड़ों में पाए जाते हैं। इस प्रदेश में एक समय था जब चाय के बागान हुआ करते थे लेकिन यह सभी चीजें धीरे-धीरे लुप्त होते गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या ऊपर से नहीं आया बल्कि हमने खुद से समस्याओं को खड़ा किया है, इन समस्याओं का समाधान हमें स्वयं ढूंढना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति को इस बात के लिए संकल्पित होना होगा हो कि आज किसी भी कीमत पर अपने घर-आंगन को हरा-भरा, राज्य को हरा-भरा रखने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना है।

#### सभी लोगों से किया पेड़ लगाने का आग्रह

सीएम हेमन्त सोरेन ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि आज वन महोत्सव के दिन आप सभी लोग एक एक पेड़ जरूर लगाएं और उस पेड़ को जरूर बचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोग घर में कोई भी उत्सव हो, या अपने माता-पिता के याद में, या बच्चों के जन्मदिवस पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य प्रकृति के साथ जुड़े यह नितांत आवश्यक है। क्लाइमेंट चेंज बहुत तेजी से हो रहा है। समय किसी का इंतजार नहीं करता है। समय रहते अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन हम सभी को ईमानदारी के साथ करने की जरूरत है।

#### * पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से हो रहा है कार्य




**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री एल0खियांगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कुलवंत सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एनके सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**सीएम ने किया पारितोषिक वितरण :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मोबाइल एप्लीकेशन आधारित हाथी विचरण निगरानी प्रणाली ऐप, वन विभागीय वेबसाइट, राष्ट्रीय ट्रांजिट पास प्रणाली का उद्घाटन तथा जलवायु परिवर्तन अनुकूलन से संबंधित बुकलेट का विमोचन गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कर-कमलों द्वारा पर्यावरण एवं वन संरक्षण पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तियों के बीच पारितोषिक वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार वृक्षों के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। इस वर्ष राज्य में 2 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में 50 हजार एकड़ भूमि पर बिरसा हरित ग्राम योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री वनधन योजना के तहत पेड़ लगाने पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का विचरण समय-समय पर होता है क्योंकि जानवर भी गतिशील प्राणी होते हैं।



### दिल्ली में दिनदहाड़े हुआ युवती का मर्डर

**नई दिल्ली :** दिल्ली में 24 घंटे के भीतर दो हत्याओं ने लोगों में सनसनी फैला दी है. दिल्ली के पॉश इलाके मालवीय नगर में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक युवती का मर्डर हो गया. वहीं एक दिन पहले डाबरी इलाके में एक बिल्डर की पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.जानकारी के मुताबिक मालवीय नगर के कमला नेहरू कॉलेज में पढ़ने वाली करीब 22-23 साल की लड़की पर एक पार्क में लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया. सिर पर लोहे की रॉड मारने सेवह बुरी तरह जख्मी हो गई, जिससे उसकी वहीं मौत हो गई. हत्या के आरोपी मौके से फरार हो गया है. फिलहाल घटना की जानकारी होते ही डीसीपी साउथ मौके पर पहुंच गए हैं. पुलिस ने शव को पोस्टपॉर्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है. फिलहाल पुलिस कॉलेज और आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है. इसके अलावा वह आरोपी को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगालेगी. दक्षिणी दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर चंदन चौधरी ने बताया कि कमला नेहरू कॉलेज में पढ़ने वाली लड़की अपने किसी दोस्त के साथ पार्क में आई थी, तभी उस पर किसी ने रॉड से हमला कर दिया. यहां यंग लड़के-लड़कियां घूमते हैं. पार्क के पास में ही अरबिंदो कॉलेज भी है. फिलहाल पुलिस यह भी पता करने की कोशिश कर रही है कि लड़की पार्क में क्या करने आई थी.दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल ने 24 घंटे के भीतर महिलाओं की हत्या होने पर महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाया है.

## कैश कांड में फंसे विधायकों का रद्द हुआ निलंबन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पश्चिम बंगाल कैश कांड में पकडे गए कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी,नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को पार्टी ने निलंबन मुक्त कर दिया.कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र पर प्रदेश इकाई ने उनका निलंबन रद्द कर दिया है. मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी अनुशंसा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा था.

दिल्ली में केंद्रीय टीम ने पूरे मामले की समीक्षा की और प्रदेश कांग्रेस इकाई को निलंबन खत्म करने का पत्र भेजा था. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र के आलोक में झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को निलंबन मुक्त कर दिया है.क्या है पूरा मामला- दरअसल 30 जुलाई 2022 को झारखंड कांग्रेस के 3 विधायकों को हावड़ा पुलिस ने 48 लाख कैश के साथ पकड़ा था. कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को 48 लाख रुपए के साथ कोलकाता जा रहे थे. पुलिस को सूचना दी गई थी कि गाड़ी में बहुत कैश है. पुलिस ने गाड़ी को रोका और जांच की और कुल 48 लाख कैश पकड़ा गया था.

कैश पकड़े जाने के बाद कांग्रेस के तीनो विधायकों के हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया था. उसके बाद कांग्रेस ने अपने तीनों विधायकों को निलंबित कर दिया था. हालांकि बाद में कोर्ट में ने पूरे मामले को ही खारिज कर दिया था.

**झारखंड विधान सभा का मॉनसून सत्र**

## सदन में पेश हुआ एटीआर

*** शोक प्रस्ताव के बाद सदन सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन के अंदर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश किया। एटीआर में विधानसभा के बजट सत्र में सरकार की ओर से विधायकों को दिए आश्वासनों पर अभी तक सरकार की ओर से जो कार्रवाई की गई है, उसका लेखा-जोखा है। बजट सत्र से मानसून सत्र के बीच जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उन्हें भी सदन में शोक प्रकाश के जरिए श्रद्धांजलि दी गई।सदन में झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, डेविड मुर्मू, प्रकाश सिंह बादल, ओमन चांडी, हरिहर नारायण प्रभाकर, पुत्कर हेंब्रम, डॉ करमा उरांव, गायत्री देवी, शोभाकांत मंडल, विनोद कुमार चौधरी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा 20 अप्रैल को जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में बलिदान हुए पांच जवानों, बालासोर रेल हादसे में मारे गए लोगों और मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों के प्रति भी संवेदना जताई गई। सदन के अंदर स्पीकर रविंद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा के सचेतक बिरंची नारायण, मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, सरयू राय और अमित यादव ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। इसके बाद स्पीकर ने सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए विधायक प्रदीप यादव ने वहां जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त किया।आजसू विधायक सुदेश महतो ने भी पिछले सत्र से अबतक जो लोग नहीं रहे उनके प्रति संवेदना प्रकट की।भाकपा माले विधायक बिनोद सिंह ने शोक व्यक्त किया। एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने श्रद्धांजलि दी। सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो को सीएम हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंट कर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे ने स्वागत किया।

## इंडिया गठबंधन के सांसदों का दल आज करेगा मणिपुर का दौरा

**लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने मणिपुर हिंसा की उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर जा कर, पहले जमीनी स्थिति का आकलन करेगा और इस हिंसा प्रभावित राज्य में समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार और संसद को अपनी अनुशंसा भी देगा. विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगा.इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और गौरव गोगोई, तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, द्रमुक की कनिमोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन और वीसीके पार्टी के टी थिरुमावलवन के होने की संभावना है. लोकसभा में




कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने मणिपुर हिंसा की उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की.गोगोई ने पीटीआई-भाषा से कहा, भाजपा यह तस्वीर पेश चाहती है कि मणिपुर में सब कुछ ठीक है, जबकि हिंसा अब भी जारी है. इसलिए हम चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के तहत जांच कराई जाए कि यह सब कैसे हुआ. उन्होंने प्रदेश सरकार पर विफलता का आरोप लगाया और सवाल किया कि इतने लोगों को हथियार कैसे मिले? उन्होंने कहा, मैं मणिपुर जाऊंगा और सच्चाई का पता लगाऊंगा. उस सच्चाई को संसद के सामने रखूंगा. तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव ने कहा कि विपक्षी प्रतिनिधिमंडल यह संदेश देना चाहता है कि हम मणिपुर के लोगों के साथ हैं. उन्होंने कहा, हम चिंतित हैं, हम चाहते हैं कि राज्य में शांति लौटे... सरकार विफल रही है, इसलिए हम वहां जाना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि क्या समाधान निकाला जा सकता है. द्रमुक के नेता टी आर बालू ने कहा कि विपक्षी प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सुबह मणिपुर के लिए रवाना होगा और पता लगाएगा कि वहां क्या गलत हुआ, किस हद तक जान-माल का नुकसान हुआ है.

## सड़क दुर्घटना में 7 की मौत




**एजेंसी**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के जनपद उन्नाव और बस्ती जिले में हुए सड़क हादसे में कुल सात लोगों की मौत हो गई है। एक युवती घायल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद उन्नाव और बस्ती सड़क हादसों में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर सम्बंधित जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि यह घटना पुरवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तुसरौर गांव के पास की है। मौरावां निवासी धनीराम सविता की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। एम्बुलेंस से शव लेकर परिजन वापस घर आ रह थे। तुसरौर गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया।बस्ती जनपद के गौर थाना क्षेत्र के बलुआ समय माता स्थल के पास गुरुवार की देर रात हुए हादसे में एक ही मोटर साइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय से शिक्षक हाजरी बनाकर रहे गायब

**पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर सुदूरवर्ती क्षेत्र देवनार आदिवासी बहुल्य गांव में अवस्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवनार में कार्यरत चार शिक्षक में से एक शिक्षक उपस्थित थे जो सिर्फ बच्चों के



शिक्षा देने के आलावा जैसे जानवर को चारवाही किया जाता है ठीक उसी प्रकार शिक्षक ने रोक के रखें थे जबकी दो शिक्षक हाजरी बनाकर गायब थे और प्रधानाध्यापक सह सचिव के 15दिनों के छुट्टी में रहने की बात सहायक शिक्षक सत्यनारायण उराँव ने पूछने पर बताया।कई वर्ष बीतने के बावजूद भी रसोइया लकड़ी पर खाना पक्का रही थी पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जबसे हमलोग बहाल हुए हैं तबसे इसी बरामदा में भोजन बनाते आ रहे है जबकी सभी सरकारी बिद्यालय में सरकार के द्वारा गैस सिलेंडर मुहैया करा दिया गया है आखिर क्यो शिक्षक के द्वारा लकड़ी पर खाना क्यों बनवाया जा रहा है?विद्यालय में मेनू के अनुसार मिड मिल भी बच्चों को नही मिल पाते है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चिंता देवी ने देवनार के स्वास्थ सहिया के पद पर कार्यरत है तत्काल दूरभाष के माध्यम से क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम संपर्क किया उन्होंने बताया कि तुरन्त संज्ञान लेते हुए करवाई करने की बात कहा। वह विधालय के प्रधानाध्यापक कार्यालय कक्ष में बिजली पंखा लगा हुआ था जबकी वर्ग कक्षा में न पंखा और न बीजली वायरिंग था जबकि सरकार के द्वारा सभी सरकारी विद्यालय मद की राशि मुहैया कराया इसके बाद भी प्रधानाध्यापक सह सचिव ने सुविधा मुहैया नहीं करवाई गई।

### चिकित्सक एवं उसके पुत्र की लापरवाही से एक युवक की मौत, क्लिनिक किया गया सील

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरोग्यम निजी क्लिनिक में चिकित्सक व उसके पुत्र के द्वारा गलत ईलाज व लापरवाही से एक युवक की मौत हो गई।युवक की मौत से के आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी



व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने लोगों को समझा कर शांत कराने का प्रयास किया।लेकिन प्रशासन को भी ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। वहीं स्थल पर पहुंची अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुचित्रा कुमारी के निर्देश पर निजी क्लिनिक को सील कर दिया गया। जब की रमना थाना पुलिस ने निजी चिकित्सक डा. श्याम सुंदर प्रसाद व उसके पुत्र अविनाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के गिरफ्तारी बाद मामला शांत हुआ। घटना के बारे में बताया जाता है कि रमना प्रखंड के बगौंधा ग्राम निवासी मंतोष मेहता बीती रात 11 बजे अपने पुत्र राजु कुमार के पेट में दर्द के शिकायत के बाद बाजार स्थित निरोग्यम अस्पताल में इलाज के लिए ले गया था। जिसके बाद डाक्टर श्यामसुंदर प्रसाद व उनके पुत्र अविनाश कुमार के द्वारा इंजेक्शन के साथ कुछ टैबलेट खाने को दिया गया। जिसके काफी देर बाद स्थिति में सुधार के बजाय बगड़ने लगा।इस दौरान डाक्टर के द्वारा हमेशा संतावना देते रहे कि आपका मरीज ठीक हो जायेगा। लेकिन लगातार स्थिति बिगड़ती गई और मेरे बेटे की आवाज बंद होने लगी और थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। मृतक के माँ सुनीता देवी ने थाना को आवेदन देकर निरोग्यम अस्पताल के संचालक डाक्टर श्यामसुंदर प्रसाद व उनके पुत्र अविनाश कुमार उर्फ हैप्पी पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए करवाई की मांग की है।

### वित्तरहित शिक्षा नीति का पुतला दहन किया गया

**विशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर आरआरपीडी उच्च विद्यालय बिशुनपुरा के शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मी घाटा अनुदान देने एवं वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त करने की मांग करते हुए वित्तरहित शिक्षा नीति का पुतला दहन किया।मौके पर



प्रधानाध्यापक नागेंद्र पांडेय ने कहा कि सरकार एक तरफ समान काम के बदले समान वेतन की बात करती हैं।वही दूसरी तरफ वित्तरहित शिक्षकों के समक्ष दोहरी नीति के कारण भुखमरी के कगार पर हैं।इससे संबंधित संचिका शिक्षा विभाग के कार्यालय में धूल फांक रही है।शिक्षा विभाग के सचिव वार्ता के दौरान आश्वासन दिया गया था कि वित्तिय वर्ष 2023-24 में वित्तरहित शिक्षा नीति के तहत नई नियमावली बनाने की बात कही गई थी।जिसमे चार गुना अनुदान देने का आश्वासन दिया गया था।जिस पर अभी तक कोई करवाई नही हुआ है जिससे शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियो में असंतोष है।जो दु:खद है।इस दौरान शिक्षकों ने सरकार के शिक्षा विरोधी नारे भी लगाए।मोर्चा के आगामी कार्यक्रम में 31 जुलाई एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल और 2 अगस्त को विधानसभा के समक्ष महाधरना,एवं 3 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर अपने संस्थान में उपवास पर रहेंगे।मौके पर चंद्रशेखर यादव,अश्विनी मिश्रा, पंकज सोनी,मनीषा कुमारी,रामरती मेहता,भगवान यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह,कृष्णा राम,बीरेंद्र चन्द्रवंशी के नाम शामिल थे।

### मोहर्रम पर टी-शर्ट वितरण करते युवा समाजसेवी डॉक्टर तौफीक

**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्यौहार आठवीं मोहर्रम को प्रखंड के ग्राम बेलाबार मदरसा के समीप युवा समाजसेवी डॉक्टर तौफीक अंसारी के द्वारा या हुसैन प्रिंट किया हुआ टीशर्ट का वितरण युवाओं के बीच किया गया साथ ही मदरसा सदर रेयाज अंसारी



के द्वारा युवा भुलेंटिएर के बीच हरा गमछी एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता इम्तेयाज आलम, जाकिर अंसारी, हमिद अंसारी, मकबूल अंसारी, शैर हुसैन अंसारी, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रमुख व पंचायत समिति सदस्य ने अपने मद्द से किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के ग्राम ताली में शुक्रवार को 15वें वित्त पंचायत समिति मद्द से पीसीसी सड़क का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी एवं संबंधित पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया।



उक्त सड़क काफी जर्जर एवं बदहाल स्थिति में होने के कारण पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून के अथक प्रयास से नंदू साह के घर से अशोक साह के घर होते हुए मोड़ तक पीसीसी निर्माण कार्य 1 एक लाख 52 हजार 300 सौ रु की लागत से कराया जा रहा है। यह सड़क बन जाने से स्थानीय ग्रामीण राहगीरों एवं वाहनों को आवागमन करने में काफी सहूलियत होगी जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी हर्ष देखा गया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, इम्तेयाज आलम, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य फुल कुमारी देवी, प्रभा देवी, मनोज साह, कमलेश गुप्ता, गांव के वरिष्ठ बुजुर्ग सुग्रीम साह, राजेश्वर गुप्ता, सुजीत गुप्ता, नंदू साह, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने आधा दर्जन मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने शुक्रवार को आधा दर्जन मतदान केंद्रों व मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले घरों का निरीक्षण, बीएलओ पर्यवेक्षक व बीएलओ के साथ किया.प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी बीएलओ को एक अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष पूरा करने वाले योग्य व्यक्तियों से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया गया.साथ ही मतदाता सत्यापन कार्य के दौरान यदि मतदाता का नाम,पता मतदाता सूची में गलत हो तो सुधार के लिये प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया.मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओ का भी निरीक्षण किया गया,जिसके तहत मतदान केंद्रों पर रैम्प, विजली, पानी,शौचालय आदि की उपलब्धता की जांच किया गया.प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नरही पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय स्थित दो मतदान केंद्र,उत्क्रमित मध्य विद्यालय मर्चवार, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलसलादी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया. मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक बिरेन्द्र कुमार सिंह,बीएलओ बबिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

## भाकपा जिला परिषद की बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढवा जिला परिषद की बैठक शुक्रवार को जंगीपुर ग्राम में रामेश्वर प्रसाद अकेला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया. वर्षा नही होने से उतपन्न स्थिति पर चिन्ता व्यक्त किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से सुखाड़, महंगाई,बेरोजगारी व अफसरशाही के खिलाफ विभिन्न प्रखंड कार्यालयों पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित करने के लिये तिथि निर्धारित किया गया.बैठक में आगामी 16 अगस्त को सगमा,17 अगस्त को नगर उंटारी,19 अगस्त को रमना,22 अगस्त को केतार,23 अगस्त को विशुनपुरा तथा 25 अगस्त को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया.धरना प्रदर्शन की सफलता के लिये शाखाओं की बैठक आयोजित करने की जिम्मेवारी



नगर उंटारी व रमना अंचल कमिटी को दिया गया.बैठक में आगामी 18 नवम्बर को वंचित तबकों की समाजिक, आर्थिक,शैक्षणिक व राजनैतिक स्थिति पर नगर उंटारी में परिचर्चा आयोजित करने का निर्णय लिया गया.बैठक में गणेश सिंह,राजकुमार राम, रामनाथ उरांव,विद्या पासवान, गोपाल यादव,मूर्ति कुँवर, राजकुमार भुइयां, रामविजय सिंह, मानमति देवी,रूपदेव उरांव, किसुन उरांव सहित अन्य उपस्थित थे.

## मुहर्रम को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन जोर शोर से लगी हुई है । शुक्रवार की शाम पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया । फ्लैग मार्च मेन रोड,मेन बाजार, सतगावां, अररूआ खुर्द, बंजारी, बेलौदर मोड़ सहित कई इलाकों में भ्रमण किया । इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान शरारती तत्वों व इंटरनेट मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर होगी । शांति और सौहार्द बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी । फ्लैग मार्च में एसआई नीतीश कुमार, निर्भय कुमार,शिवशंकर उरांव, प्रकाश गुप्ता, एएसआई संजय सिंह, जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे ।

## आपसी भाईचारे व अकीदत के साथ निकाला गया मोहर्रम के बड़की चौकी का जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मोहर्रम का बड़की चौकी का जुलूस आपसी भाईचारे एवं अकीदत के साथ निकाला गया. प्रखंड क्षेत्र के बम्बा उत्तर टोला सुल्तान अंसारी के आवास के निकट मुहर्रम नौजनवान इंतजामिया कमिटी( हुसैनी कमेटी) द्वारा शरबत पानी का इंतजाम किया गया. शरबत पानी के स्टॉल का शुभारंभ पिपरडीह मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम, सदर मुश्ताक अहमद शेख,बीडीसी प्रतिनिधि कृष्णा



राम,ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से जुलूस में शामिल लोगो को शरबत पिलाकर किया गया. मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम ने कहा कि मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा शरबत पानी का आयोजन किया गया है यह बहुत सराहनीय कार्य है. उन्होंने कहा कि जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पानी पिलाया गया इसके लिए कमेटी के लोगों को धन्यवाद देता हूँ.मौके पर उपमुखिया असगर अली,सदर मुश्ताक अहमद शेख, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी, मुस्तकीमउ अंसारी, उस्मान अंसारी, डॉ सुलेमान अंसारी, डॉ फिरोज आलम, डॉ शाहिद अंसारी, हाफिज अब्दुल हकीम, नेसार अली,सुल्तान अंसारी,बसीर अंसारी, सेराजुदिन अंसारी, क़ासिदराज,सैफुल्लाह, आसिफ फारुख, मोबिन, रसीद, मोनाजिर, अकलीम सहित बड़ी संख्या लोग शामिल थे.

## छोटी ताजिया के साथ निकला मुहर्रम की नौवीं का जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मुहर्रम की नौवीं तिथि शुक्रवार को परंपरागत तरीके से हरिहरगंज में छोटी चौकी का जुलूस निकाला गया । इसमें सतगावां, सियरभुका , बंजारी , अररूआ खुर्द , मेन रोड , महाराजगंज,बेलौदर आदि से लोग छोटी ताजिए के साथ शामिल हुए । जुलूस मेन रोड , मेन बाजार , अररूआखुर्द आदि स्थानों का भ्रमण किया । इस दौरान युवाओ ने मातम किया । साथ ही जगह जगह गोल लगाकर लाठी ,तलवारबाजी आदि शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया । इस दौरान पूर्व विधायक कुशवाहा



शिवपूजन मेहता भी लाठी चालन का प्रदर्शन कर लोगों का हौंसला अफ्जाई किया । किसी भी अप्रिय स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ड्रोन कैमरा से जुलूस पर नजर रखे हुए थी।वहीं जुलूस को शांति और सौहार्द से संपन्न कराने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास,एस आई निर्भय कुमार, नितीश कुमार, शिवशंकर उरांव, प्रकाश कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ सक्रिय रहे । जबकि सभी संवेदनशील स्थानो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात देखा गया ।

## पंडवा जेएमएम प्रखंड सचिव पार्टी से निष्कासित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा :** पंडवा जेएमएम प्रखंड कमिटी की बैठक शुक्रवार को पंडवा में की गई। बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने को लें जेएमएम प्रखंड सचिव राणा सिंह चौहान को पार्टी से निष्कासित किया गया। उक्त जानकारी पंडवा जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राणा सिंह चौहान प्रखंड सचिव के पद पर रहते हुए क्षेत्र के लोगों से पार्टी के नाम पर काम कराने के बहाने पैसा वसूली करते थे जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही थी। इसकी



सूचना जिला अध्यक्ष को दे दी गई है।जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पार्टी की मजबूती को ले विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। मौके पर निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी हर घर दी जाएगी। इस मौके पर सुमंत मिश्रा,जेएएम कोषाध्यक्ष आलम तारा अली, संरक्षक भीम मेहता, अजाबु अंसारी, इरसाद अंसारी, कुंदन भुईयां, गोविंद रजक, धर्मेन्द्र मेहता उपस्थित थे।

## बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने नप के मुस्लिम गांवों का किया दौरा

**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने शुक्रवार को बिश्रामपुर नगर परिषद के कई मुस्लिम गांवों का दौरा किया.इस दौरान उन्होंने सभी मुस्लिम गांवों के ताजिया सिप्पड़ का अवलोकन किया.ताजिया बनाने वाले कलाकारों को उन्होंने अपने हाथों से पुरस्कृत भी किया.इस क्रम में मुहर्रम इंतजामिया कमेटियों ने बसपा नेता को सम्मानित किया.राजन मेहता ने कहा कि मुहर्रम पर्व असत्य पर सत्य के जीत का संदेश देता है.इस संदेश को समझते हुए आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मानने की जरूरत है.वैसे भी मिलजुलकर मनाने से किसी भी पर्व का महत्व बढ़ जाता है.मौके पर बसपा के गढ़वा जिला अध्यक्ष सुनील गौतम, बसपा नेता राजेंद्र राम,नाइमुदिन अंसारी,डॉ साबिर अंसारी,हेसामुदीन अंसारी,आशिक अंसारी,अख्तर अंसारी,रसूल मिस्त्री,मुनीफ अंसारी,एसुफ़ अंसारी,इम्तियाज अंसारी,नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे.



## पिपरा के सहायक शिक्षकों ने लगाया बीआरसी में ताला

**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केंद्र भवन के सामने पिपरा प्रखंड सहायक शिक्षक संघ के सभी शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया. धरने के दौरान शिक्षकों ने बीआरसी भवन पर ताला जड़ दिया. कड़ी धूप में लगातार सहायक शिक्षक अपनी मांगों को लेकर मजबूती से बैठे हुए थे उसी बीच बीईईओ से बात हुई परंतु निष्कर्ष नहीं निकला। सहायक शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने कहा कि जब हमारा मन होगा आपकी समस्या का समाधान करेंगे लिखित में आश्वासन नहीं मिलेगा वही सहायक शिक्षक संघ लिखित आश्वासन की मांग कर रहा था. शिक्षकों का मांग है कि 4त्त इंक्रीमेंट वेतन में लागू किया जाए 18 से 20 शिक्षकों का जो मानदेय बकाया है उसका भुगतान जल्द से जल्द किया जाए. उसके बाद पलामू डीएसई के द्वारा फोन पर आश्वासन दिया गया कि आप लोगों की मांगों को 15 अगस्त के पहले पूरा कर दिया जाएगा आश्वासन मिलने के बाद शिक्षकों ने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पिपरा को बीआरसी भवन का चाबी सौंपा. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सिद्धि कुमार सिंह प्रखंड सचिव अविनाश रंजन अरुण तिवारी अनिल कुमार गुप्ता संतोष सिंह अरुण मिश्रा जयशंकर सिंह रणधीर सिंह कृष्णकांत सिंह शैलेंद्र सिंह मनोज कुमार अर्जुन पाल ब्रह्मदेव प्रसाद सहित प्रखंड के अन्य सहायक शिक्षक उपस्थित थे.




## मुसीखाप मनरेगा योजना में जांच के बाद लीपापोती का प्रयास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप में ग्रामीणों के शिकायत पर मनरेगा लोकपाल के द्वारा मनरेगा योजना की जाँच की गई थी जिसमे भारी अनिमिता पाई गई थी. कई डोभा में बिना कम किए लाखों की अवैध निकासी की गई थी.अब उसी डोभा में बिना जाँच प्रक्रिया पूर्ण हुए रात्रि में जेसीबी से काम कराकर सुबह में महादलित समुदाय और नाबालिग मजदूर लगाकर जेसीबी का दाग मिटाया जा रहा है. अब सोचने वाली बात यह है कि जब इस योजना की जांच प्रक्रिया चल रही है तो आखिर किसके आदेश पर लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है. आखिर किस अधिकारी ने बिना जांच पूरा हुए एवं बिना डिमांड डालें योजना में काम चालू करा दिया. इस पूरे मामले को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि अवैध निकासी में वरीय पदाधिकारियों का भी हाथ है.



अपनी- अपनी नौकरी बचाने के फिराक में रात्री में भी जेसीबी से काम कराकर लीपापोती की जा रही है. इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडु से फोन के मध्यम से बात करने पर उन्होंने बताया की काम लगा है इस बात की जानकारी नहीं है यदि काम लगा है तो यह गलत है मैं तत्काल जाँच करवाता हूँ। वहीं रोजगार सेवक से बात करने पर उन्होंने कहा की मशीन से नही लेबर से कार्य हुआ है फिर भी अभी कार्य होना नहीं चाहिए था। यहाँ सोचनीय विषय यह है की इतना तत्काल कार्य किसके आदेश पर और किसे बचाने के लिए किया जा रहा है, भ्रष्टाचार का इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है।

# 104वें उपायुक्त के रूप में शशि रंजन ने दिया योगदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के 104 वें उपायुक्त के पद पर शशि रंजन ने किया पदभार ग्रहण। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे से पदभार ग्रहण किया।पदभार सौंपने के पश्चात निवर्तमान उपायुक्त ने उन्हें शुभकामनाएं दी।पलामू के नये उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बेहतर प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित रखना और उसे ससमय पूर्ण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी ली।इस मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह सहित,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन,जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद सहित अन्य पदाधिकारियों ने बुके देकर नवपदस्थापित उपायुक्त का स्वागत किया।

### पलामू के उपायुक्त ने कार्यालय के आदेशपाल का पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**मेदिनीनगर :** पलामू डीसी ए दोड्डे ने जाते-जाते ऐसी इंसानियत की मिसाल पेश कर गए जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। पलामू के पूर्व उपायुक्त ने अपना कार्यभार है नए उपायुक्त को सौंपते हुए अपने कार्यालय के आदेश



पाल को शॉल देकर सम्मानित किया और उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया और कहा कि अगर किसी उपायुक्त की कोई सबसे अधिक सेवा करता है तो वह होता है आदेशपाल। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी खुद एक आदेशपाा (पियून) थे।उपायुक्त के ऐसा व्यवहार को देखकर सभी लोग अचंभित रह गये। उपायुक्त के चैंबर में उपस्थित सभी मीडिया के लोग एवं अधिकारी ने इनकी इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। पलामू के इतिहास में यह पहला अवसर होगा ,जब किसी उपायुक्त ने किसी आदेशपाल का पैर छूकर आशीर्वाद लिया हो।

### उपायुक्त ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

पलामू जिले के नये उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय भवन में अवस्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भ्रमण किया।इस दौरान उन्होंने ब्लॉक ए व सी के सभी कार्यालयों का



निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने कार्यरत सभी कार्यालयों के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।इस दौरान कार्यालय अधीक्षक मो शकील सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी कार्यालयों में पहुँचकर कार्यों के बारे में जानकारी ली।उन्होंने संबंधित कार्यालय में कार्यरत प्रधान लिपिक एवं अन्य कर्मियों से निष्पादित किए जाने वाले कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली।प्रत्येक कार्यालय प्रधान से बात करते हुए उपायुक्त ने मैन पावर की उपलब्धता,कार्य का बंटवारा और कार्य निष्पादन में किसी तरह की समस्या तो नहीं आ रही इसके बारे में भी जाना।उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न कार्यालयों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में कार्यालय प्रधान और कर्मियों से संक्षिप्त चर्चा करते हुए कहा कि जो भी कार्य हैं उनका ससमय निष्पादन करें इसके साथ ही उन्होंने संचिकाओ को बेहतर व व्यवस्थित ढंग से रखने पर बल दिया।उन्होंने पुराने अभिलेखों को सुरक्षित रखने की बात कही।उन्होंने ब्लॉक सी में गंदगी देख नाराज़गी प्रकट करते हुए विशेष साफ-सफाई कराए जाने हेतु संबंधितों को निदेशित किया।

## विष्णुगढ़, अचलजामु के एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद में जहर खाकर की आत्महत्या

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अचलजामो के 36 वर्षीय निरपत कसेरा पिता स्व0गलन कसेरा ने गुरुवार शाम को करीब सात बजे सल्फास खाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली है। सूत्रों के हवाले खबर बताया जाता है कि शराब के नशे में पति-पत्नी की घरेलू विवाद में आकर निरपत कसेरा सल्फास खाकर अपनी आत्महत्या कर ली है। इसकी सूचना थाने की पुलिस को मिली सूचना मिलते ही मृतक के घर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग सदर भेजकर इस घटना की जांच में जुट गई है।

## इमाम हसन हुसैन की याद में कोयलांचल में आज निकाला जाएगा मुहर्रम का ताजिया जुलूस

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मुहर्रम को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।आज कोयलांचल क्षेत्र के कई इलाकों में हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में ताजिया जुलूस निकाला जाएगा।ताजिया और अखाड़ा जुलूस को लेकर संबंधित मुहर्रम समिति के द्वारा भी तैयारी पूरी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र के राय में आज दोपहर एक बजे ताजिया के साथ विशाल अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा।मुहर्रम समिति राय के द्वारा ताजिया बनाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।जुलूस को लेकर राय में आकर्षक ताजिया बनाया गया है।राय मदरसा से जुलूस की शुरुआत की जाएगी जो पूरे इलाके का भ्रमण करते हुए पुरानी राय पहुंचेगी,जहां राय और पुरानीराय अखाड़ा जुलुश का मिलान होगा, जिसके बाद यह जुलूस वापस राय बाजार पहुंचेगी जहां अस्त्र-शस्त्र खेल प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। राय मुहर्रम समिति के लोगों ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से जुलुश में शामिल होने की अपील की है।इधर शुक्रवार नवमी की रात न्यूमंगरदाहा,कल्याणपुर और राय में भी अखाड़ा जुलूस निकाला गया जो पूरे इलाके का भ्रमण किया। जुलूस के दौरान हजरत इमाम हसन हुसैन के नारे लगाए गए। इस दौरान युवाओं ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया।



## मुहर्रम को लेकर पिपरवार पुलिस सतर्क, कई इलाकों में किया फ्लैग मार्च

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मुहर्रम त्योहार को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस काफी अलर्ट मोड़ पर है। मुहर्रम त्योहार और जुलूस को लेकर पिपरवार में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई है।मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने थाना क्षेत्र के बहेरा,कल्याणपुर, न्यूमंगरदाहा सहित बचरा के मुख्य बाजार चौक चौराहों और आवासीय कॉलोनी में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी लोगों से आपसी भाईचारे की और शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का त्यौहार मनाने की अपील की गई।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिपरवार पुलिस त्यौहार को लेकर पूरी तरह से सतर्क है।मुहर्रम को लेकर ताजिया जुलूस,अखाड़ा जुलूस सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम को लेकर पुलिस बल के जवानों की तैनाती की गई है।उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान आपसी सौहार्द बिगड़ने और उत्पाद मचाने वालों पर पुलिस के द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।गड़बड़ी करने वाले की पहचान कर उन्हें दंडित किया जाएगा। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से आपसी भाईचारगी और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की है।



## मणिपुर की घटना के विरोध मांडर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने निकाली जुलूस, किया पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से मणिपुर में महिलाओं को नंगा करके घुमाने और सामूहिक दुष्कर्म कांड को लेकर प्रखंड पार्टी कार्यालय से मेन रोड होते हुए जुलूस निकाला जो थाना चौक होते हुए टाँगरबसली मोड़ तक आकर मोदी सरकार और मणिपुर मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस कमेटी की प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव और जमील मलिक ने किया। जुलूस में शामिल महिला एवं पुरुष इंकलाब जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भाजपा सरकार एवं मणिपुर सरकार के विरोध में नारा लगाए मणिपुर सरकार अविलंब इस्तीफा दो। मणिपुर में बेटियों के साथ हुए अत्याचार पर मोदी शाह शर्म करो, 84 दिनों से मणिपुर में जारी हिंसा पर मोदी शाह चुप्पी तोड़ो, बेशर्म प्रधानमंत्री हाय हाय, जुल्मी जब जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से चप्पा चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से ,मणिपुर में बेटियों को नग्न कर घुमाने और सामूहिक बलात्कार क्यों मोदी शाह जवाब दो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के झूठा नारा देने वाली भाजपा सरकार मुर्दाबाद जैसे गगनभेदी नारे लगा रहे थे। सड़क पर मार्च करते हुए टांगरबसली मोड़ पर मार्च सभा में तब्दील हो गई। सभा में जमील मलिक ने मणिपुर में जारी हिंसा पर मोदी शाह के चुप्पी पर निंदा करते हुए रोक लगाने की मांग की। मणिपुर हिंसा में महिलाओं को नग्न कर घुमाने और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपनी गुस्सा जाहिर की। मोदी शाह के नेतृत्व वाली सरकार में मणिपुर के जारी हिंसा पर काफी गुस्से में दिखी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के झूठी नारा देने वाली भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। मौके पर उप प्रमुख अमानत अंसारी होसे उरांव सुशील उरांव तबारक खान बेलस टोपो चिंतामणि उरांव आबिद अंसारी संजय तिग्गा नसीम अंसारी रसीद अंसारी वृज उरांव सेरोफीना मिंज सरीता तिग्गा सुरेश उरांव चमरा उरांव तेतरी उरांव अर्जुन महतो सोमरा भगत एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## केडी खलारी में श्रावणी मेला का भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के केडी नेहरू स्टेडियम में श्रावणी मेला सह मीना बाजार का भव्य उद्घाटन किया गया. सीसीएल एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार तथा अन्य अतिथियों ने फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर मेले का उद्घाटन किया. इससे पूर्व अतिथियों को बुके व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया. वक्ताओं ने इस मेले के महत्व को बताया। जीएम संजय कुमार ने कहा कि यह मेला 1987 से लग रहा है. कहा कि इस तरह के मेले पारंपरिक मनोरंजन ने साधन होते हैं. खलारी कोयलांचल के लोग परिवार के साथ आकर मेले का आनंद लें.इस भव्य आयोजन के लिए मेला समिति को धन्यवाद दिया.उन्होंने कहा कि जहां मेला लगाया गया है वह कभी सीसीएल का स्टेडियम हुआ करता थ.उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि इस जगह का अतिक्रमण न करें. उल्लेखनीय है लगभग चालीस दशक से केडी खलारी के इस स्टेडियम में श्रावणी मेला लगता आ रहा है. मेला लगभग एक माह तक रहता है. आधुनिक इलेक्ट्रोनिक मनोरंजन मोबाइल, टीवी आदि से उब चुके लोगों के लिए इस मेले में आकर मनोरंजन में नयापन मिलता है. खासकर महिलाएं, बच्चे इस श्रावणी मेले में खूब आते हैं.संचालन तनवीर आलम ने किया. उद्घाटन समारोह को केडीएच पीओ अनिल सिंह, श्रमिक नेता ललनप्रसाद सिंह, कांग्रेस नेत्री गुंजन सिंह, मेला समिति के संयोजक राजनसिंह राजा, बीएन पांडेय, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा आदि ने भी संबोधित किया.उद्घाटन समारोह में एनके एरिया एसओपी ज्योति कुमार, कांग्रेस नेत्री पिंकी सिंह, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, विस्थापित नेता जालिम सिंह, राजेशसिंह मिंटू, रंजनसिंह बिट्टू, रमनसिंह बंटी, विकेशसिंह विक्की, गोपाल सिंह, सुनील सिंह, डीपी सिंह, रतन मिश्रा, एसएन सिंह, रेणु देवी, कृष्णा चौहान, अजय सिंह, मुकद्दर लोहार, सलामत अंसारी, अभिषेक जी प्राचार्य झारखंड पब्लिक स्कूल, सचिन शर्मा, रूबी यादव, बजरंग दल जिला संयोजक विनोद विश्वकर्मा, रितेश तिवारी, मुन्ना देवी, पवनराज सिंह, कुमुद सिंह, पंचायत समिति सदस्य बुकबुका धीरज बहादुर सहित मेला समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आस पास के लोग उपस्थित थे।



**मेला में लगा है कई नया झूला**

मेला प्रबंधक राजू ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी टावर झूला, ड्रैगन, टोरा-टोरा झूला, नौका झूला, पानी वोट, मिक्की माउस सहित छोटे बच्चों के लिए झूले आदि लगाए गए हैं। इस बार नए झूलों में ब्रेक डांस झूला, मारूति सकर्स, टाय ट्रेन, जंगल जंपिंग, स्कारपियो झूला लगाया गया है। इसके अलावा रसोई सहित घरेलु उपयोग की वस्तुएं, श्रृंगार के सामान, खिलौने आदि की दुकानों भी लगी हैं। खाने-पीने के कई स्टाल लगाए गए हैं।

## बदं को सफल बनाने के लिए मोर्चा की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक विश्रामपुर पंचायत भवन में शुक्रवार को हुई.जिसकी अध्यक्षता सलामत असारी तथा संचालन प्रभाकर गंझू ने किया.बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,मुखिया दीपमाला कुमारी, रंथू उरांव, जालिम सिंह,नरेश गंझू,विनय खलखो,रामलखन गंझू उपस्थित थे.बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केडीएच परियोजना में रोड सेल चालू नही हुआ तो 31 जुलाई को एनके एरिया में जोरदार बन्दी होगा.कहा कि डंप कोई खैरात में नही मिला है बल्कि रैयत विस्थापित को अपने पूर्वजों के जमीन के बदले कोल इंडिया के आरएंडआर पॉलिसी के तहत डंप में रोजगार मिला है.केडीएच में रोड सेल चालू नही होगा तो खदान विस्तारीकरण नही हो पाएगा.क्योंकि जिनकी जमीन खदान में चली गई है वैसे लोग इस रोड सेल से जुड़कर उनकी आजीविका चलती थी लेकिन प्रबंधन ने रोड सेल चालू नही किया गया तो फिर खदान विस्तारीकरण में कैसे जमीन देंगे.यह प्रबंधन को सोचने की जरूरत है.बैठक में दशरथ तुरी,किशुन गंझू, शिवनाथ भोगता, लूरका गंझू,बालजीत गंझु, बैजू गंझू,राजेश गंझू,विक्रम सिंह, छोटु गंझू, सोनू गंझू, प्रेम साव,श्यामजी महतो,नरेश यादव,प्रेम गुप्ता, कुलदीप प्रसाद, शत्रुघ्न मुंडा, संजय गंझू, मनकू मुंडा, नरेश गंझू, शभुनाथ गंझू, अशोक उरांव, राजेश गंझू, क्रांति तुरी, भुनेश्वर गंझू, धर्मराज गंझू, शमीम अंसारी,कर्मा तुरी, रियाज अंसारी, बलराम गंझू, चंद्रदीप गंझू, आर्यन गंझू, पवन उरांव, शिवराज, सुखदेव, रामा, भरत, सोमरा, रविन्द्र सिंह, विजय गंझू, बसंती देवी, सुजाता खलखो, दरानी देवी, काजल देवी, सालेन खलखो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## वन महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** वन, पार्यावरण एवम जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार द्वारा बड़े ही धूम धाम से ट्रेनिंग ग्राऊंड, खोजा टोली ( कुटियातु चौक) नामकुम मे वन महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय मुख्य मंत्री झारखंड सरकार श्री हेमंत सोरेंन थे। उन्हों ने जनता को बधाई देते हुए कहा कि वन एवम वृक्ष कि महत्व से हम सभी अवगत हैं। आक्सिजन, औषधि, फल, फूल, बीज इत्यादि के साथ जल एवम जैव का संरक्षन करते है, इसलिए इसका संरक्षन, संवर्धन करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माँझी, विधायक राजेश कच्छप, वन पदाधिकारी, अधिकारी के साथ सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातु में धरती आबा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में उपायुक्त, लोकेश मिश्र द्वारा भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी गई। उपायुक्त ने इस दौरान क्षेत्र भ्रमण कर उलिहातु के विकास को लेकर किए जाने वाले कार्यों एवं एक्शन प्लान से संबंधित आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। जिला स्तरीय गठित समिति के द्वारा उलीहातु में किए जाने वाले कार्यों का होगा निरंतर अनुश्रवण उपायुक्त ने क्षेत्र का भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र को उचित रूप से विकसित करते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रियाशील करने एवं लोगों को स्थानीय स्तर पर सुगम रूप से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। चिकित्सकों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करते हुए स्वास्थ्य केंद्र को क्रियाशील बनाया जाय एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही परिसर की साफ - सफाई एवं स्वच्छता को लेकर निर्देश दिए।उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिए कि क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों का उचित संचालन किया जाय। उपायुक्त ने कहा कि उलिहातु के विकास को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि शाहिद ग्राम आवास योजना के तहत सभी लंबित आवासो का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली की समस्याओं का ससमय निष्पादन किया जाय। साथ ही पेयजल की व्यवस्था को लेकर मल्टी विलेज पाइप वाटर सप्लाई स्कीम के संचालन को दिशा - निर्देश दिए। बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उलिहातू के विद्यालयों का भी विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## बुंडू से 20 किलोमीटर की परिधि में टोल टैक्स के विरुद्ध आजसू पार्टी रविवार को देगी धरना

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में आजसु पार्टी तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता के आवास पर आजसु पार्टी बुण्डु अनुमंडल की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें बुण्डु टोलप्लाजा के 20 किलोमीटर परिधि के अन्दर आनेवाले सभी वाहनों को टोल टैक्स फ्री करने को लेकर आगामी दिन रविवार सुबह 10 बजे से बुण्डु टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा इस धरना प्रदर्शन के दौरान बुण्डु टोलप्लाजा से किसी भी वाहनों की टोल टैक्स नहीं लेने दिया जाएगा । उक्त धरना प्रदर्शन में आजसु पार्टी सरकार से कुछ ओर मांगो की मांग पत्र रखी हैं(1) तमाड़ रायडीह एन एच की बाई पास की अविलंब निर्माण कर चालु करना। (2) काँची नदी के उपर बने पुल की की दोनों रास्ते को अभिलंब चालु करना क्योकि वर्तमान में उस पुल की एक तरफ की रास्ता बंद कर दिया गया है जिसके कारण एक्सिडेंट में अब तक 24 लोगों की जान चली गई है। (3) तुंजु से दिउड़ी मंदिर तक एन एच पर लगाया स्ट्रीट लाइट को अभिलंब चालु करना। टोलप्लाजा के अधुरी कार्य को अभिलंब पुरा कर पैदल एवं साईकिल यात्री के लिए फुटपाथ का निर्माण तथा मोटरसाइकिल के लिए अलग लेन की व्यवस्था अभिलंब करना।(4)टोलप्लाजा पर कार्यरत् कर्मचारियों द्वारा स्थानीय लोगों से अभद्रता पुर्ण व्यवहार की अभिलंब सुधार कर स्थानीय लोगों को योग्यता अनुसार टोलप्लाजा के सभी कार्यों में अभिलंब नियुक्ति करना।बैठक में मुख्य रूप से आजसु पार्टी की नेत्री व बुंडू जिला परिषद सदस्या परमेश्वरी सांडिल्य,पार्टी के वरिष्ठ नेता व तमाड़ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी,राजकिशोर कुशवाहा, ताराचंद सिंह मुण्डा,अशोक गीरी, शुभम कुमार,आशुतोष महतो,राज कुमार गुप्ता,आकाश कुमार,रेलाडीह मुखिया सिदार्थ मुण्डा, मिहिर सिंह मुण्डा, दिलीप चंद्र कोई री, सुरज प्रजापति, राहुल महतो, प्रेम कुमार गुप्ता,आदि थे ।

## सेटिंग टेबुल ट्रांसफर होने से आहत हैं एनके एरिया के ईमानदार कामगार

**डकरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया में एक बार फिर सेटिंग टेबुल ट्रांसफर का खेल शुरू हो गया है.इस सेटिंग में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण इमानदारी से काम करने वाले समर्पित कर्मचारी परेशान हैं.क्षेत्र में वर्षों से चल रहे इस खेल में शामिल कुछ कर्मचारी इतने प्रभावशाली बन गए हैं कि वे अपने कैडर का ट्रांसफर लिस्ट तैयार कर कुछ चुनिंदा नेताओं की सहमति लेकर उसे संबंधित अधिकारियों को भेज देते हैं और वही लिस्ट फाइनल कर आदेश निकाला जाता है.सुनने में यह आश्चर्यजनक लगता है लेकिन सीसीएल विजलेंस एवं तमाम जांच एजेंसियों को धत्ता बताते हुए एनके क्षेत्र में यह बहुत दुस्साहसिक तरीके से अंजाम दिया जा रहा है.स्टोर कैडर के तीन कर्मचारी पिछले 25 साल से एकबार भी स्टोर में ड्यूटी के लिए नहीं गए हैं.ये तीनों हमेशा अलग-अलग परियोजना के डीजल पंप पर ड्यूटी करते हैं.चर्चा है कि यही तीनों स्टोर कैडर स्थानांतरण का सूची तैयार कर क्षेत्र के चार बड़े नेताओं की सहमति के साथ अधिकारी को देते हैं.पिछले दिनों महाप्रबंधक और केडीएच कार्यालय में कुछ लोगों का तबादला किया गया है लेकिन इस आदेश में कुछ कर्मियों का तबादला सिर्फ कागज पर हुआ है.एसे लोग अभी भी पुराने स्थान पर ही काम कर रहे हैं.हद तो यह है कि आदेश निकालने वाले कार्मिक विभाग में किसी को नहीं हटाया गया है. क्षेत्र के सभी परियोजना में लगभग 150 कर्लक को विजलेंस निर्देश पर प्रत्येक तीन वर्ष में टेबुल ट्रांसफर किया जाता है.महाप्रबंधक संजय कुमार के कार्यकाल में यह पहली बार हो रहा है इसलिए इन दिनों सेटिंग में एसे लोग लगे हुए हैं।

## एलएमटी ट्रांसपोर्ट कंपनी ने मजदूरों के बीच किया छाता का वितरण

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग मे लोडिंग का कार्य कर रहे एलएमटी कंपनी के निदेशक लालेश्वर महतो द्वारा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूर, ऑपरेटर एवं मुंशियो को छाता का प्रदान किया गया है जिसका वितरण सीएचपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने किया। ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से बताया गया कि बरसात के मौसम को देखते हुए लोडिंग कार्य से जुड़े हुए सभी वर्कर को छाता का वितरण किया गया है।इस अवसर पर सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार के साथ एलएमटी कंपनी के प्रतिनिधि डेगन प्रजापति, साइडिंग मैनेजर बिशप नाथ, लोडिंग इंस्पेक्टर नीरज सिंह, ऑपरेटर भोला महतो ,शंकर महतो,अर्जुन प्रसाद ,आरबी सिंह के साथ काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## सिल्ली प्रखण्ड कंग्रेस कमिटी का पुर्नगठन कर मजबूत करने की अपील

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा सिल्ली प्रखण्ड में प्रखण्ड कमिटी को भंग करते हुए तत्काल नये प्रखण्ड अध्यक्ष का सर्वसम्मति से मनोनयन करने का फैसला लिया गया है। विदित हो कि सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकारिणी समिति ने वर्तमान प्रखण्ड अध्यक्ष पर निष्क्रियता, मनमानी,समन्वय का अभाव, दुर्व्यवहार एवं विपक्षी दल से सांठगांठ कर पार्टी-संगठन को कमजोर करने संबंधी गम्भीर आरोप लिखित रूप से लगाये हैं। जिला महासचिव सह-प्रखंड प्रभारी मो. महताब आलम ने कार्यकर्ताओं की भावना से जिला अध्यक्ष को अवगत करवा दिया है जिसमें उन्होंने बताया है कि वर्तमान प्रखण्ड अध्यक्ष अपनी कार्यशैली एवं व्यवहार के कारण प्रखण्ड कार्यकारिणी समिति का विश्वास खो चुके हैं। उन्होंने आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रखण्ड कमिटी को भंग करते हुए तत्काल सर्वसम्मति से नया प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत करने की अनुशंसा जिला कमिटी से कर दी है, जिसके आलोक में जिला अध्यक्ष ने अपनी सहमति दे दी है। अब जल्द ही सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी का पुनर्गठन कर संगठन को नये शिरे से धारदार बनाने की कवायद प्रारंभ की जायेगी।

## बिचना की आशा देवी ने बनाई अपनी सम्मानजनक पहचान

**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हड़िया-दारु की बिक्री कर रही महिलाओं को आजीविका के वैकल्पिक साधनों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आशा देवी की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होने के कारण दीदी गांव में ही हड़िया/दारू बिक्री का काम करने लगी। वर्ष 2021 में अधिक शराब पीने के कारण उनके पिता का देहांत हो गया। छ्वस्रक्क के माध्यम से फूलो झानो आर्शीवाद योजना से उन्हें जोड़ा गया एवं ज्योति ग्राम संगठन बिचना से 25000? का ऋण दिया गया है। दीदी अभी चाट फुचका की दुकान चला रही हैं और अभी उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है और अन्य महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बन गई है। साथ ही उन्होंने अपनी सम्मान जनक पहचान बनाई है। हड़िया-दारू बेचने के कार्य से जुड़ी महिलाओं के जीवन में फूलो-झानो आशीर्वाद योजना आशा की नई किरण लेकर आयी है। इस योजना के तहत सम्मानजनक आजीविका से जुड़ने के लिए 10 हजार रूपए का लोन देने का प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार ने इस योजना को शुरू किया है। साथ ही यह योजना मादक पदार्थ बेचने वाली महिलाओं के जीवन को भी सुधारने और उन्हें नई आजीविका प्रदान करने में भी मदद करेगी। इसके साथी ही महिलाओं को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत चल रहे आजीविका संवर्धन के अलग-अलग कार्यक्रमों से भी जोड़ा जा रहा है।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**-:: निविदा रद्द संबंधी सूचना ::-**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Disposal of scrap and unserviceable materials lying under D.W & S Divisional Store/ Sub Divisional store under D.W. & S Division Hazaribagh for the year 2023-24; जिसका P.R. No.:- 302871 Drinking Water and Sanitation (23-24)*D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.303571 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**

**प्री मैट्रिक छात्रवृति के लिए आवश्यक सूचना**

शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु पलामू जिला अन्तर्गत विद्यालयों में प्री–मैट्रिक पाठ्यक्रम (कक्षा 1 से 10) में अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं को प्री–मैट्रिक छात्रवृति हेतु ई–कल्याण पोर्टल (ekalyan.cgg.gov.in) आवेदन हेतु खोला गया है, जो निम्नप्रकार है:–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक सत्र 2023–24 में नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं का INO द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर प्रविष्टि एवं आवेदन का सत्यापन। | 20.07.2023 | 20.10.2023 |
| 2 | DNO स्तर पर संबंधित विद्यालयों के छात्र–छात्राओं का सत्यापन एवं भुगतान की प्रक्रिया। | 20.08.2023 | 20.11.2023 |

सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी / सभी प्रधानाध्यापक को सूचित किया जाता है कि सभी योग्य लाभार्थियों को छात्रवृति के लाभ से आच्छादित करना सुनिश्चित करेंगें। यदि छात्र–छात्राओं को छात्रवृति से वंचित रहते हैं तो इसकी सारी जवाबदेही आप सबों की होगी।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 303505 (District) 23-24 (D)



**e–Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer**
**Building Construction Department, Building Circle, Hazaribagh- 825301**
**sebcdcirclehzb@gmail.com**
**Ph. No.-06546-222640**

**शुद्धि-पत्र**

e-Tender Reference No.- BCD/BCHZB/BOKARO/ 017/2023-24(2nd Call),PR No.-303461 (Building) 23-24 (D), CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT PICHARI, BLOCK-PETERWAR, DIST-BOKARO के स्थान पर CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT CHANDIPUR, BLOCK- KASMAR, DIST-BOKARO पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्तें पूर्ववतर हेंगी।

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग
भवन अँचल हजारीबाग

PR 303577 Building (23-24)_D



**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
**E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in**
**Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207**

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.06.2023 को कोटाम–चैनपुर मुख्य सड़क पर हेठजोरी मोड़ के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 04:00 बजे अपराह्न 05 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH07C8098 एवं 07 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH01N6143 को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 05 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH07C8098 एवं 07 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH01N6143 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 303518 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D



**कार्यालय,**
**समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला**
**(आई०टी०डी०ए०)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना हेतु ऑनलाईन पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसका Web Address "**https://cmegp. jharkhand. gov.in**" है। वित्तीय वर्ष 2023–24 से मात्र ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। अतः योजना का लाभ लेने के इच्छुक आवेदक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, गुमला / संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / संबंधित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.303511 Welfare(23-24):D



**प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची**
**(गव्य विकास निदेशालय)**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**Email-ftcranchi@gmail.com**

**–: निविदा आमंत्रण सूचना :–**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय राज्यादेश सं० 14 रा० (वि०) दिनांक – 17.07.2023 के आलोक में राज्य के जिलों के पशुपालक / गव्य व्यवसाय में अभिरूची रखने वाले कृषकों को दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेनेवाले प्रशिक्षणार्थियों के भोजनादि हेतु कैम्पस अवस्थित कैंटीन में मेस (भोजनादि) का संचालन किया जाना है। मेस के कार्य को आउटसोर्सिंग करने हेतु इच्छुक संस्थान / व्यक्ति जो इस कार्य में अभिरूची रखते हैं, से निम्नांकित आधार पर निविदा प्रपत्र आमंत्रित की जाती है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य | – | प्रशिक्षणार्थियों के भोजनादि हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से मेस का संचालन |
| 2. | निविदा प्रकाशन तिथि | – | 28.07.2023 |
| 3. | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | – | 10.08.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | – | 14.08.2023 को अपराह्न 2.00 बजे |
| 5. | निविदा राशि | – | 3,000/– रुपये |
| 6. | अग्रधन (EMD) | – | राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट1,00,000/– रुपये (एक लाख रुपये) बैंक ड्राफ्ट / बैंक गारंटी एवं निविदा राशि रु० 3000/– देय – मुख्य अनुदेशक, प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची। (EMD in favour of Chief Instructor,Training & Extension Institute, Ranchi) |
| 7. | निविदा प्रपत्र जमा / प्राप्त करने हेतु कार्यालय का पता | – | प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची सेक्टर–2, धुर्वा, राँची |
| 8. | सम्पर्क संख्या | – | 9835147756 |

ह०/–
मुख्य अनुदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान धुर्वा, राँची

PR 303509 Animal Husbandry(23-24)D

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय नीमडीह परिसर में आई कैप में 104 बालिका की आंख जांच हुई



**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सराइकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड के अधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आंख के बीमारी से परेशान हैं। कुछ बालिका की आंख लाल,आंख से पानी गिरना,आंख में सुजन से परेशान थी। नीमडीह समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टर टीम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नेत्र शिविर लगाया गया। सहायक डाक्टर ललित मोहन ने लगभग 104 बालिका की आंख का उपचार एवं बचाव की जानकारी दी। वार्डन के कहने मेडिकल कैंप लगाया गया। डाक्टर ललित मोहन ने कहा की यह आंख की बीमारी इंफेक्शन के कारण एक से दुसरे में फैलता है। पीड़ित बालिका उपयोग का कपड़ा इस्तेमाल करने से फैलता है। बार बार आंख धोना,दवा लेने पर ठीक हो जाता है पीड़ित बालिका का तकिया, रूमाल, तौलिया का इस्तेमाल समुहिक नहीं करने की सलाह दी।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर सिविल डिफेंस ने मानगो में किया पौधारोपण




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल डिफेंस जमशेदपुर द्वारा मानगों डिवीजन के डिवीजनल वार्डन बलवंत सिंह के नेतृत्व में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर आज शुक्रवार को पृथ्वी पर्यावरण उद्यान मानगो में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। मौके पर मौजूद नागरिक सुरक्षा के अधिकारी सुरेश प्रसाद ने कहा कि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाने के पीछे के मुख्य उद्देश्य ना केवल जानवरों और पेड़ पौधे की रक्षा करना है, बल्कि हमारी प्राकृतिक वातावरण को बचाना भी है। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक सिविल डिफेंस के लोगों ने विभिन्न तरह के फल, फ़ूल एवम छायादार वृक्ष के पौधे लगाकर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया ।

## काबूम धूम मचाले का ऑडिशन कल मिलानी में

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवीन कला केंद्र की ओर से



2 लाख इनाम वाली डांस, ड्राइंग और सिंगिंग प्रतियोगिता काबूम धूम मचाले के लिए 30 जुलाई (रविवार), 2023 को बिस्टुपुर के मिलानी हॉल में पूर्वान्ह 10 बजे से ऑडिशन होगा. इस संबंध में केंद्र की निदेशक मोनिका घोष ने बताया कि रविवार को ड्राइंग (चित्रांकन) को छोड़कर दोनों प्रतियोगिता की ऑडिशन होगी. ड्राइंग का ऑडिशन आगामी 6 अगस्त को होगा. मोनिका घोष ने बताया कि प्रतियोगिता का सेमीफाइनल सितंबर तथा फाइनल नवंबर में जमशेदपुर में होगा, जिसमें मुंबई से सेलिब्रिटी सलमान यूसुफ खान बतौर मुख्य जज शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की इनाम राशि दो लाख रुपये है. जिसे अलग-अलग प्रतिभागियों को दिया जायेगा. उक्त ऑडिशन के लिए तीन आयु वर्ग तय है, जिसमे 4 से 10, 11 से 17 तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे. प्रतियोगिता की विशेषता यह है कि इसमें लोक नृत्य व सोहराय पेंटिंग को भी स्थान मिलेगा. ऑडिशन में भाग लेने को इच्छुक प्रतिभागी मोबाइल नंबर 9142586872 और 8877113623 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

## ईचागढ़ राजपरिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने मनाया अपने पुत्र का जन्मदिन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को ईचागढ़ राजपरिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह के बेटा शुभम कुमार सिंह का जन्मदिन होटल खालसा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शुभम कुमार सिंह के पिता कल्याण चंद्र सिंह, पत्नी डोली, ससुर संतोष सिंह एवं अन्य अतिथि गण काफी संख्या में उपस्थित थे। श्री कल्याण ने बेटा शुभम को उनकी लंबी आयु जीवन में सफलता का आशीर्वाद दिया। इससे पहले शुभम ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की वहीं उपस्थित लोगों ने एक से बढ़कर एक व्यंजन का लुफ्त उठाया।

## लोक अदालत में 16 मामलों का निष्पादन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय सरायकेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सरायकेला द्वारा माह जुलाई 2023 के लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 16 मामलों का निष्पादन किया गया एवं 123800 रुपए की प्राप्ति हुई। निष्पादित किए गए मामले विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग एवं पुलिस एक्ट से संबंधित थे।

## डालमा टाइगर एफसी ने जमशेदपुर एफसी यूथ को 2-1 से हराया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोपाल मैदान में जेएसए लीग



सुपर डिवीजन में डालमा टाइगर एफसी की टीम ने जमशेदपुर एफसी यूथ को 2-1 से हराने में कामयाबी हासिल की. दूसरे हाफ में राजेश मुर्मू और रूपेश सोरेन के गोल ने दलमा टाइगर को बढ़त दिलाई और जेएफसी के लिए सिद्धार्थ अत्री के स्टॉपेज टाइम गोल के बावजूद दलमा ने जीत हासिल की. जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरे सुपर डिवीजन मैच में ठक्कर बापा क्लब ने अरुणा सैमिटी क्लब के साथ 2-2 से ड्रा खेला. रूपाई हेम्ब्रम और सिद्धार्थ मुखी ने ठक्कर बापा क्लब के लिए स्कोरशीट पर जगह बनाई, जबकि मेघराज हेम्ब्रम और मनोज मुखी ने अरुणा समिति क्लब के लिए गोल किए. जेएसए लीग के मुकाबले 30 जुलाई को भी खेले जाएंगे, यह देखें पूरा कार्यक्रमः ए डिवीजन (ग्रुप ए) आदिवासी रितुई गोंडाई क्लब बनाम अर्बन सर्विसेज (आर्मरी ग्राउंड) ।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नौ सड़कों का होगा जीर्णोद्धार : अर्जुन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खरसावां विस क्षेत्र के 9 सड़कों की स्वीकृति दी गयी है. केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने ट्वीट कर यह जानंकारी दी. जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार ने नौ सड़कों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दी है. इसके तहत खरसावां विस क्षेत्र में 81.92 किमी सड़क का जीर्णोद्धार किया जायेगा. जानकारी के अनुसार खरसावां प्रखंड के 7.05 किमी लंबी बुरुडीह से जारकाटोला,5.6 किमी लंबी चिलकु से बिटापुर रोड़ होते हुए रायडीह व 9.29 किमी लंबी देहरीडीह से मोलाडीह, दलाईकेला होते हुए सोनापोसी का जीर्णोद्धार किया जायेगा.कुचाई प्रखंड के 6.2 किमी लंबी चाटूसाहा से जेंकारु व 14 किमी लंबी कुचाई से कुडियामार्चा, रेगाडीह चाकड़ी होते हुए चिरुडीह,सरायकेला प्रखंड के 9.95 किमी लंबी उकरी से पलाशडीह, सिंदरी, भालुकपाहाड़ी होते हुए शोभापुर तथा 11.60 किमी लंबी धातकीडीह से हाथिया, पांड्रा होते हुए सरायकेला तक सड़क का कायाकल्प होगा.साथ ही गम्हरिया प्रखंड के 6.35 किमी लंबी रंगामाटिया से नारायणपुर होते हुए घाघी तथा 11.88 किमी लंबी बांधडीह से टेंटोपोशी, गुरा होते हुए रंगामाटिया तक सड़क का जीर्णोद्धार किया जायेगा.

## लोगों की मन्नत पूरी होने पर इमामबाड़ा पर चढ़ाया गया 51 निशान व बांटे गए लंगर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को मुहर्रम की नौवीं तारीक को लोगों की मन्नत पूरी होने पर 51 निशान जकीरनगर चौक पर सजाया गया और चांदी का पंजा एवं चांदी का चिराग भी चढ़ाया गया। जरीकनगर चौक अखाड़ा पर साजू खान ने निशान चढ़ाया और सबील का वितरण किया। जुम्मन के द्वारा 40 किलो का लंगर जकरीनगर चौक इमामबाड़ा पर बनाया गया जिसका भी वितरण सब में किया गया। इस अवसर पर खास तौर से मानगो निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, खलीफा अशरफ हुसैन, इरशाद खान, मोहम्मद अयूब, मोहम्मद फारोक रज़ा अखाड़े के सरपरस्त मोहम्मद फारूक कुरेशी, अफताब आलम, मवाबुद्दीन, टिप्पी, अखाड़ा के प्रेसिडेंट मोहम्मद फिरोज, निज़ाम, मोहम्मद फिरोज, अनवारूल हक, हाजी मोहम्मद अयूब, अहमद हुसैन खास तौर से मौजूद थे।

## उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने किया पदभार ग्रहण

### अच्छी यादें जिले की हमेशा साथ में रहेंगी : अरवा राजकमल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां जिला के 33वें उपायुक्त के रूप में शुक्रवार को रविशंकर शुक्ल ने निवर्तमान उपायुक्त अरवा राजकमल से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवपदस्थापित उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार अंतर्गत संचालित योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारने एवं सुयोग्य लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभान्वित कराने सहित विकास कार्यो का सफल क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर निवर्तमान उपायुक्त अरवा राजकमल ने कहा इस जिले मे उपायुक्त के रूप मे लगभग ढाई वर्ष कार्य करने का मौका मिला। कार्य के साथ कई अच्छी यादें इस जिले की हमेशा साथ में रहेंगी। अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग हेतु उन्होंने जिले वासियों को धन्यवाद देते हुए नव पदस्थापित उपायुक्त को भी सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार



गागराई, अपर नगर आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, परियोजना निदेशक आई टी डी ए संदीप कुमार दोराईबुरू, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया में तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया में समारोह आयोजित कर शैक्षणिक सत्र 2020-23 के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। समारोह का आयोजन द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया था। कॉलेज के प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में छात्रों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राध्यापक प्रो शैलेश, फादर डॉ मुक्ति, प्रो निशित, प्रो सुष्मिता, डॉ प्रमोद, प्रो अमित, प्रो शालू, डॉ राधा और डॉ राजेश द्वारा तृतीय वर्ष के छात्र-



छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान तीसरे वर्ष के छात्र अमिल कुमार और अंकिता ने अपने अनुभवों को साझा कर जूनियर्स को कई महत्वपूर्ण सलाह दी। इस मौके पर मानव जोशी और सिमरन एंजेल हेम्ब्रम को मिस्टर और मिस एक्सआईटीई का खिताब प्रदान कर सम्मानित किया गया जबकि बेस्ट स्माइल का खिताब पूनम हेंब्रम और नोएल जॉय केरकेट्टा को दिया गया। इसी प्रकार बेस्ट पर्सनलिटी का खिताब अंकिता गोराई और रोहित सिंह को तथा सर्वश्रेष्ठ ड्रेस के लिए शालिनी कुमारी और स्वर्णिम कुमार पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रो सुष्मिता सेन, प्रो राजेश राणा, नवल चौधरी, डॉ राधा महाली, प्रो कंचन समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने किया भारत रत्न जेआरडी टाटा की जयंती पर इंटर-स्कूल क्विज़ का आयोजन

## जुस्को स्कूल कदमा के अभिनव व शाश्वत की जोड़ी बनी विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल कदमा के अभिनव कुमार पाठक एवं शाश्वत भूषण की जोड़ी ने जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता के विजेता बने। वहीं प्रथम उपविजेता जे एच तारापोर स्कूल के साराक्षी पानी और आस्था रतूड़ी और द्वितीय उपविजेता लोयोला स्कूल के दक्ष जैन और दिव्यांश अग्रवाल रहे। आज सेंटर फॉर एक्सीलेंस के द्वारा भारत रत्न जेआरडी टाटा की 119वीं जयंती के अवसर पर जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता का




आयोजन किया। विजेताओं और प्रथम उपविजेताओं को 29 जुलाई, 2023 को टाटा स्टील हेलीकॉप्टर में जमशेदपुर के चारों ओर एक हेलीकॉप्टर जॉयराइड के लिए ले जाया जाएगा। माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर शहर के 20 प्रमुख अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के 200 प्रतिभाशाली छात्र एक साथ आए।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपा वर्मा, चीफ एचआर बीपी (कॉर्पोरेट फंक्शंस), टाटा स्टील उपस्थित थीं, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार दिए। क्विज़ मास्टर टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज के सीईओ दीपक कामथ थे। सवालों में जेआरडी टाटा के जीवन और समय के पहलुओं को शामिल किया गया, जिससे छात्रों को गंभीर रूप से सोचने और अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करने की चुनौती मिली। यह आयोजन न केवल जेआरडी टाटा की उल्लेखनीय विरासत को याद करता है, बल्कि बच्चों के बीच शिक्षा और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

## अंतराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन कोल्हान की अध्यक्ष बनी प्रीति सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के महामंत्री भारती सिंह ने शुक्रवार को बिष्टुपुर में कोल्हान वीरांगना का गठन किया, जिसमे कोल्हान अध्यक्ष बनी बिष्टुपुर की प्रीति सिंह और आदित्यपुर की बीबा सिंह बनी महामंत्री अंजली सिंह कोल्हान उपाध्यक्ष बनी। भारती सिंह ने माला पहना के इन वीरांगनाओं को बधाई दी। इस गठन में सीमा सिंह, अर्चना सिंह, रूबी सिंह, गुड़िया, रिद्धि सिंह, राखी सिंह, मन्नू सिंह, सुनीता सिंह संध्या सिंह आदि शामिल हुई।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, सीनी शाखा के अध्यक्ष बने पुरन अग्रवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष बसंत मित्तल के सरायकेला जिला दौरा के क्रम में जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अगुवाई में एक बैठक सिनी में रखी गई। जिसमें मुख्य रुप से प्रांतीय महामंत्री दीपक परिक एवं प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य बलराम अग्रवाल उपस्थित रहे। सिनी एवं दुगनी के मारवाड़ी समाज के लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पूरन अग्रवाल को सिनी शाखा का



अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही 10 नए सदस्य भी जोड़े गए। बैठक में मुख्य रूप से अनिल गोयल, रतन अग्रवाल ,प्रियंका गोयल, चंद्रेश अग्रवाल ,एकता अग्रवाल, दीपक गोयल, अर्जुन अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल सहित मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ गण उपस्थित रहे।

## कुचाई में पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्य की एक मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के समस्याओं को रखा. योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए लोगों तक सही ढंग से लाभ पहुंचे यह सुनिश्चित करने को कहा. बैठक में बीडीओ सुजाता कुजूर समेत अन्य पदाधिकारियों ने प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.बैठक में प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गयी. मुख्य रूप से डॉ सुजीत मुर्मू, कनीय अभियंता अश्वनी कुमार सरदार, सुमित कव,



मनोरंजन माझी, सुबोध टूडू, पंचायत समिति सदस्य जयंती मुंडा, लालमनी मुंडा, मलिका महतो, सोनामनी मुंडा, पंचायती राज पदाधिकारी अशोक महतो, सांसद प्रतिनिधि लखीराम मुंडा,विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोड़ा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी हरिलाल राम समेत विभिन्न पंचायतो के पंचायत समिति सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे.

# भारतीय उद्योग जगत के प्रणेता थे जेआरडी टाटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय विमानन के जनक, टाटा समूह के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे, कई प्रतिष्ठित कंपनियों के संस्थापक और भारतीय कारोबार जगत के दिग्गज - जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा यह और भी बहुत कुछ थे। जैसा कि हम 29 जुलाई को उनकी 119वीं जयंती मना रहे हैं, हम जेआरडी की कुछ अग्रणी पहलों पर नज़र डालते हैं जिन्होंने हमारे देश की विकास गाथा को गति दी है। 1938 में जब जेआरडी टाटा को टाटा समूह में शीर्ष पद पर पदोन्नत किया गया, तो वह टाटा संस बोर्ड के सबसे कम उम्र के सदस्य थे। उनके नेतृत्व के अगले 50 वर्षों में हमारे समूह ने रसायन, ऑटोमोबाइल, चाय और सूचना प्रौद्योगिकी में विस्तार किया। अपने ही परिवार के सदस्यों द्वारा अलग-अलग ऑपरेशन संचालित करने की भारतीय व्यावसायिक प्रथा को तोड़ते हुए, जेआरडी टाटा ने पेशेवरों को लाने पर जोर दिया। उन्होंने टाटा समूह को एक बिजनेस फेडरेशन में बदल दिया जहां उद्यमशीलता की प्रतिभा और विशेषज्ञता को सफल होने



के लिए प्रोत्साहित किया गया। जेआरडी टाटा ने 1939 से 1984 तक, चार दशकों से अधिक समय तक निदेशक मंडल के चेयरमैन के रूप में टाटा स्टील का नेतृत्व किया। कंपनी के चेयरमैन के रूप में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, उन्होंने 1947 से पहले एक इंपीरियल कॉलोनी से स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों और लोकतांत्रिक समाजवाद के साथ भारत के प्रयोग तक देश के रूपांतरण को देखा। स्वतंत्रता के पहले दशक के बाद, भारत ने प्रमुख क्षेत्रों के राष्ट्रीयकरण के चरण में प्रवेश किया और कई क्षेत्रों में नियंत्रण व्यवस्था लागू की। जैसे-जैसे देश आर्थिक प्रतिकूलता के एक चरण से दूसरे चरण की ओर बढ़ा, जेआरडी टाटा ने उस कठिन और चुनौतीपूर्ण समय में टाटा स्टील का सराहनीय नेतृत्व और मार्गदर्शन किया। टाटा स्टील के लिए उनका दृष्टिकोण एक आधुनिक, सस्टेनेबल और लाभदायक कंपनी बनना था जो एक मॉडल

> **भौतिक दृष्टि से कोई भी सफलता या उपलब्धि तब तक सार्थक नहीं है जब तक कि वह देश और उसके लोगों की जरूरतों या हितों को पूरा नहीं करती है और निष्पक्ष और ईमानदार तरीकों से हासिल की जाती है।**
>
> **- जेआरडी टाटा**

कॉर्पोरेट नागरिक भी हो - जिसके सभी पहलुओं में अखंडता से श्रेष्ठता की झलक हो। जेआरडी ने तकनीकी प्रगति, कर्मचारी सुरक्षा और सतत विकास पर जो जोर दिया, वह टाटा समूह के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। उनके दृष्टिकोण के अनुरूप, टाटा स्टील ने हर स्थान पर प्रत्येक कर्मचारी के लिए सुरक्षा, संरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यासों को अपनाया है, साथ ही अपना स्वयं का कनेक्टेड वर्कफोर्स कार्यक्रम भी विकसित किया है। उन्होंने कई नीतियां लागू कीं, जिन्होंने सभी के लिए बेहतर, अधिक समृद्ध कल की दृष्टि से निर्देशित टाटा स्टील के भविष्य को सुनिश्चित किया है । टाटा स्टील को पहले से ही देश में इंडस्ट्री 4.0 के प्रस्तावक के रूप में मान्यता दी गई है। अब, कंपनी का ध्यान इंडस्ट्री 4.0 के साथ ड्राइविंग दक्षता से हटकर इंडस्ट्री 5.0 के साथ मानव और मशीनों के बीच प्रभावशीलता और सहयोग पर जोर देने पर केंद्रित हो गया है। कंपनी का मानना है कि मानव पूंजी को प्रतिस्थापित करने के बजाय, उसका लक्ष्य प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और एआई के साथ एक भागीदार के रूप में काम करके अपने कर्मचारियों को सशक्त बनाना है। टाटा स्टील का भविष्य और विश्वस्तरीय एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने में इसका विश्वास जेआरडी के दृष्टिकोण से संचालित होता रहेगा। जब डिजिटल प्रौद्योगिकियों और नवीन अभ्यासों के दृढ़ विश्वास और प्रचार के साथ हमारे देश के बुनियादी संरचना के विकास को प्रोत्साहित करने की बात आती है, तो वह वास्तव में अग्रणी थे। भारत का विकास और डिजिटल प्रौद्योगिकी में हमने जो प्रगति की है, वह निस्संदेह जेआरडी टाटा के प्रयासों के कारण है।

## संक्षिप्त खबरें

### कस्तूरबा विद्यालय में एक साथ 14 बच्चियां हुई बीमार, इलाज के बाद सभी कुशल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर की बच्चियां एक साथ 14 बीमार हो गई। वजह वार्डेन सहित अन्य शिक्षिकाओं के बर्खास्त के बाद समर्थन में सुबह से ही भूखे प्यासे उतरी थी। जिसके चलते विद्यालय छात्राओं की तबियत एका एक बीते गुरुवार की शाम बिगड़ गई। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रखंड प्रशासन के पहल पर सभी बीमार बच्चियो को विद्यालय से गिद्धौर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इनमें से चार बच्चियों की दैनिय स्थिति को देखते हुए बेहतरीन इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया।इलाज के बाद बीमार बच्चियों की स्थिति में सुधार हुई। उसके बाद सभी बच्चियों को कस्तूरबा विद्यालय छोड़ दिया गया जहां से अभिभावक अपने अपने बच्चियां से मिले। आगे बताते चलें कि बर्खास्त हुई वार्डेन व शिक्षिकाओं को बच्चियां विद्यालय से नहीं जाने देना चाहती थी। जिसे लेकर पूरे दिन बच्चियां परेशान थीं। हालांकि विभाग के अधिकारी व एसडीपीओ द्वारा इन्हें काफी समझाया बुझाया गया। बहरहाल बच्चियों के बिगड़ती तबियत की खबर से उनके परिजन भी परेशान थे।परिजन गिद्धौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने लगे।इस मामले को लेकर प्रखंड प्रशासन के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है।उक्त मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह,अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक,थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव,सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह,प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर सुमित कुमार जयसवाल बिरेंद्र दांगी,बोधनाथ, संगीता,नीलू के साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी मुख्य रूप शामिल थे।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना के अंतर्गत अवैध खनन कर बालू उठाव करने वाली के विरुद्ध प्रखंड के अधिकारीयो ने चलाए छापामारी अभियान। जिसमे दुआरी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के समीप एवं तिलैया मोड़ इंदिरा से दो अवैध तरीके से बालू लदे ट्रैक्टर को अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने पकड़ा है। दोनो पकड़े गए वाहन को थाना ले आया गया है ।खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय महुआडांड़ के सभागार में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सत्र 2022-23 के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित बीडीओ अमरेन डांग एवं विशिष्ट अतिथि फादर सुरेश शामिल हुए। समारोह की शुरुआत मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि तथा विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य फादर दिलीप ने मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य फादर दिलीप ने कहा कि मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित करने से छात्रों में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आएगी। ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित करने से विद्यालय में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। मेघावी छात्र सम्मान उसी का एक उदाहरण है। छात्रों को सकारात्मक एवं अच्छी सोच के साथ परिश्रम करने पर सफलता की मंजिल तक पहुंचने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता है। बीडीओ अमरेन डांग ने अपने छात्रों को सतत प्रयास करने की सीख दी और कहा कि आप लोगों के अच्छे अंक प्राप्त करने से आपके अपने नाम के साथ साथ आपके माता पिता एवं विद्यालय का भी नाम रौशन होता है। श्री डांग ने छात्रों को बताया कि जीवन में सफल होने के लिए, आपको लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रति दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की आवश्यकता है।मौके पर जोसा उपाध्यक्ष तनवीर अहमद, सभी मेधावी छात्रों के अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### पुलिस ने नवागढ़ में किया फ्लैग मार्च

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर थाना के नवागढ़ में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।ज्ञात हो कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य मोहर्रम पर्व के दौरान आम लोगों में सुरक्षा की भावना पहुंचाना एवं असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है।वहीँ असामाजिक तत्वों को आगाह किया गया है कि किसी भी प्रकार का बाधा पहुंचाने का प्रयास किया गया तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।साथ हीं आम लोगों से निवेदन किया गया कि किसी भी प्रकार का वायरल मैसेज यूट्यूब व्हाट्सएप इत्यादि में धार्मिक भावना को हाथ पहुंचाने वाले मैसेज पर ध्यान ना दें और मोहर्रम पर्व शांति सौहार्द के साथ मनाएं।फ्लैग मार्च में लातेहार थाना के पुलिस अवर निरीक्षक गौरव सिंह, एसआई रोहित कुमार ,राज रोशन सिन्हा ,देव आनंद कुमार , दिवाकर धोबी शाहरुख , सहायक अवर निरीक्षक कुबेर प्रसाद देव स्थानीय मुखिया प्रवेश उरांव अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### लूट की योजना बनाते एक गिरफ्तार

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरवाडीह पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसपी कार्यालय में पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि गुरुवार की शाम पुलिस को गुप्त सुचना मिली की बरवाडीह थाना अंतर्गत ग्राम खुरा में कुछ अपराधी एकत्रित होकर लुटपाट डकैती जैसी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे है। अपराधियों के गिरफ्तारी एवं छापामारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु सशस्त्र बल के साथ जैसे ही खुरा मध्य विद्यालय के पास पुलिस की गाड़ी पहुंची तो वहाँ पर एकत्रित लोग पुलिस गाड़ी देखकर भागने लगे। जिसमे से पुलिस बल के सहयोग से दौड़ाकर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया तथा अन्य 04-05 लोग अन्धेरा का फायदा उठाकर रेलवे लाइन के उस पार जंगल झाड़ी में भागने में सफल हो गए। पकड़ाये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम उपेन्द्र कुमार पिता स्व0 रामसागर राम ग्राम खुरा थाना बरवाडीह जिला लातेहार बताये। इनके तलाशी में एक 7.65 बोर का लोडेड देशी पिस्तौल,7.65 बोर का 04 जिंदा कारतूस तथा ओपो कंपनी का एक एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय स्तिथ सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय स्टियरिंग सह मोनिटरिंग कमिटी की बैठक की गई। बैठक में मध्यान भोजन, किचन गार्डन, विद्यालयों में चिकित्सा शिविर समेत अन्य बिंदुओं पर आवयश्क दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखण्डों में प्रत्येक माह नियमित रूप से प्रखण्ड स्तरीय स्टीयरिंग - सह - मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक आयोजित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखण्ड स्तरीय स्टीयरिंग - सह - मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक नियमित रूप से की जाए तथा उक्त बैठक की कार्यवाही जिला कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखण्ड स्तरीय स्टीयरिंग - सह - मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक आयोजित नहीं करनेवाले प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करते हुए 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित कर सम्पन्न करने का निदेश दिया गया । माह जून 2023 का मध्याहन भोजन योजना के आच्छादित बच्चों के अवलोकन के क्रम में उपायुक्त द्वारा पाया गया कि चतरा, प्रतापपुर, कुन्दा, ईटखोरी एवं टंडवा प्रखंड का आच्छादन संतोषजनक नही है। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति 75-100 प्रतिशत करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

## झारखंड शिक्षा परियोजना जिला स्तरीय सुब्रतो कप का तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में जिला स्तरीय 62 सुब्रतो का इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का समापन गुरुवार को देर शाम हुआ।जहां जिला से अंडर-17 के छात्र ने दस प्रखंड के टिम से विद्यालय के बच्चियां ने भाग लिए हैं। प्रतियोगिता की शुरुआती दौर में कुंदा बनाम इटखोरी के टीम फुटबॉल खेले ।परतापुर बनाम कन्हाचट्टी खेल। सेमीफाइनल में टंडवा बनाम कन्हाचट्टी के टिम खेले। एवं चतरा बनाम सिमरिया के टिम ने खेले। जहां फाइनल मैच कन्हाचट्टी एवं चतरा के बीच खेला गया। और प्रथम पुरस्कार कन्हाचट्टी कि टीम प्लेन्टी सूट में 4-3 से विजय प्राप्त किया। तथा चतरा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। मौके पर उपस्थित शिक्षक देवदीप सिंह,सीमा श्रीवास्तव, राजीव



पांडेय ,दीपक कुमार, अबोध राम, सुधीर कुमार, ज्योति माधुरी, अजय सिन्हा, रेफरी वीरेंद्र कुमार रविदास संत रविदास अखिलेश कुमार, कमलेश कुमार डब्लु राम खेल प्रभारी फुटबॉल खेल कार्यक्रम को सफल बनाने में तथा सहयोगी सुमित,अनुज, हरिनंदन, बंटी,संतोष,जगदीश ने अहम भूमिका निभाई है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** प्रखंड परिसर स्थित सीएचसी के सभागार में प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को परिवार कल्याण कार्यक्रम में बेहतरीन कार्य करने वालों स्वास्थ्यकर्मीयों करने का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कि गई। प्रभारी चिकित्सा डॉ. नीलमणी कुमार एवं एसीएमओ शंभू नाथ चौधरी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पदस्थापित एएनएम व एमपीडब्ल्यू को सम्मानित किया गया। साथ ही सम्मान समारोह में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मीयों से कहा गया कि जिन्हें इस बार नहीं सम्मानित किया गया है वो हतोत्साहित ना हो , अगले बार उन्हें भी बेहतर कार्य करने की जरूरत है। ताकि परिवार कल्याण के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो सके और उन्हें भी सम्मानित किया जा सके। आज के सम्मान समारोह में पीएचसी नावागढ़ , एच?एससी पेशरार , एच?एससी तरवाडीह , एच?एब्लूसी मोंगर के स्वास्थ्य केंद्र के एएन?एम ऐलीसंजिता एक्का , रेवती रमण , पूनम खलखो , कल्पना कुमारी सिन्हा , पंकज कुमार सीएचसी , राजकिशोर नगेशिया , सरोज लकड़ा , सहिया बबीता पांडेय , मंजू देवी , राधा देवी ,जुलेखाबीबी को मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया।

## उपायुक्त अबु इमरान ने की रेड क्रॉस कार्यकारिणी के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में रेड क्रॉस कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के दौरान बीते बैठक की कारवाई की समीक्षा की गई। वहीं बीते वित्तीय वर्ष के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रेड क्रॉस भवन में आवश्यकतानुसार तीन एयर कंडीशन, एक इन्वर्टर देने की बात कही। जबकि बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजली का वायरिंग कराने, भवन की मरम्मती तथा रंग रोगन कराने का निर्देश दिया। इस कार्य के लिए उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी को संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्टिमिट बनवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा रेड क्रॉस में एक कंप्यूटर ऑपरेटर रखने, जनरेटर की बैटरी आदि को लेकर आवश्यक



दिशा निर्देश दिए। वहीं रेड क्रॉस में कार्यरत लैब टेक्नीशियन सुमन कुमारी को सीएचसी से कार्यमुक्त करते हुवे पूर्ण रूप से रेड क्रॉस में प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन सिंह को दिया गया। वहीं बैठक में रेड क्रॉस में कुछ गड़बड़ी को लेकर सदस्यों द्वारा शिकायत की गई। जिसकी जांच को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी को कमिटी बनाकर करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन सिंह, रेड क्रॉस के सचिव राजकुमार अग्रवाल, संरक्षक सदस्य चंद्रदेव गोप, गीता देवी, कार्यकारिणी सदस्य साबिर हुसैन, पंकज दुबे, संतन पांडेय, ताराचंद सोनी, धर्मेंद्र पाठक, एजाज अहमद, कुमार विवेक सहित अन्य उपस्थित थे।

## पोखरी कला में निकाली गई छोटकी ताजिया

**बेतला :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मुस्लिम धर्मलंबियो ने शुक्रवार को नवमी के दिन छोटकी चौकी के अवसर पर बेतला, पोखरी कलां ,सर?ईडीह समेत विभिन्न अलग-अलग जगहों से ताजिदारो ने ताजिया निकाली जिसमें जगह जगह चौक चौराहों और ताजिया मिलान पोखरी कलां में भी ताजिदारो ने गदका खेल अपनी -अपनी कला प्रस्तुत करने का काम किया।साथ ही चौफाल से ताजिदारो ने अपनी-अपनी ताजिया मिलान कर वापस शांति पूर्ण तरीके से वापस लौट गये।साथ ही चौफाल पर काफी संख्या में ताजिया देखने को लेकर लोगों का भीड़ देखी गई।


**कार्यालयः राँची नगर निगम, राँची**
**(न्यायालय कोषांग)**
**कचहरी रोड, राँची, पिन – 834001**
**e-mail :- support@ranchimunicipal.com**

पत्रांक :– 737 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक :– 27.07.2023

न्यायालय प्रशासक, राँची नगर निगम में चल रहे अनधिकृत वादों की सूची:–

| क्र० सं० | वाद संख्या | नाम |
|---|---|---|
| 1 | U.C. Case No : 80/2018 | राँची नगर निगम बनाम श्रीमती उर्मिला देवी |
| 2 | U.C. Case No : 93/2016 | राँची नगर निगम बनाम श्री शंभु प्रसाद |
| 3 | U.C. Case No : 96/2016 | राँची नगर निगम बनाम श्री कुसुम देवी |
| 4 | U.C. Case No : 105/2016 | राँची नगर निगम बनाम खिजीक हलाल खान |
| 5 | U.C. Case No : 108/2016 | राँची नगर निगम बनाम श्री नवीन कुमार लाल एवं अन्य |
| 6 | U.C. Case No : 143/2016 | राँची नगर निगम बनाम श्रीमती सौमित्रा राय सिन्हा एवं अन्य |

अतः आपलोगों को मौका देते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक : 12.09.2023 को दिन के 12:30 बजे अप0 में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय प्रशासक, राँची नगर निगम के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। इसे सख्त ताकित जानें।

प्रशासक, राँची नगर निगम के आदेशानुसार।

ह0/–
सहायक प्रशासक,
राँची नगर निगम, राँची

PR 303525 Ranchi Municipal Corporation(23-24)#D



**पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची**

**-: आवश्यक सूचना :-**

इस वर्ष मुहर्रम पर्व दिनांक– 29.07.2023 को मनाया जाएगा। दिनांक– 29.07.2023 को राँची शहर के विभिन्न अखाड़ों से मुहर्रम के अवसर पर जुलूस निकाली जाऐगी। दिनांक–29.07.2023 को निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक निम्न प्रकार होगा :–

1. किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक होकर शहीद चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
2. शहीद चौक से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
3. सुभाष चौक से अपर बाजार महाबीर मंदिर के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
4. कचहरी चौक से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
5. चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
6. प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
7. पुरूलिया रोड से सर्जना चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
8. एस.एन. गांगुली रोड/विश्णु गली/बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाली सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
9. चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
10. उल हाउस के पास मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
11. कर्बला चौक से रतन पी.पी. चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
12. कडरू से रेडिशन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
13. कमाण्डेन्ट आवास मोड़ से राजेन्द्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परचिालन वर्जित रहेगा।
14. मेकॉन चौक से राजेन्द्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
15. तुलसी चौक से अम्बेदकर चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

राँची शहर के अन्य मार्गो में मुहर्रम जुलूस के अवसर पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाऐगा।

पुलिस अधीक्षक यातायात
राँची

PR 303549 Police (23-24)_D


## मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ प्रखंड में मुहर्रम पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन के नेतृत्व में अनुमंडल एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से सौहार्द और सदभाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। वही अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन ने बताया की आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।



किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस फ्लैग मार्च में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, थाना प्रभारी इंचार्ज रतन टुडू, सीआई गौतम कुमार, पुअनी कमर आलम समेत जिला पुलिस बल एवं आईआरबी के जवान उपस्थित थे।

## सीओ एवं थाना प्रभारी ने किया क्षेत्र का भ्रमण

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत हो रहे मुहर्रम त्यौहार को लेकर कई अखाड़ों का निरीक्षण करने के लिए अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने गांव घुमा। बताते चलें कि गांगपुर,बाय,तरी,बरटा, सलीमपुर के कई अखाड़ों का निरीक्षण किया। एवं सभी जगह शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाने की अपील किया है। और हर संभव लोगों की मदद करने की बात प्रखंड प्रशासन ने कहा। किसी भी तरीके से अफवाह पर ध्यान न देने की बातें भी कहीं।


**जिला पशुपालन कार्यलिय,राँची**

राँची जिलान्तर्गत माह अगस्त –2023 से आयोजित होने वाली दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची :–

| क्र० सं० | प्रखण्ड | प्रखण्ड/पंचायत का नाम | ग्राम | शिविर आयोजन की तिथि | प्रभारी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेड़ो | घाघरा | घाघरा | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ० नवीन कुमार आर्या भ्र० प० चि० पदा० बेड़ो 7903436283 |
| 2 | | मुरतो | पहाड़ कण्डरिया | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 3 | | तुतलो | चापाडीह | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 4 | | टेरो | महुगांव | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 5 | चान्हो | बलसोकरा | बलसोकरा | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ० चुमनू तिर्की प्र० प० पदा०, चान्हो 7541931058 |
| 6 | | चामा | चमरंगा | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 7 | | चटवल | मसमानो | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 8 | | मुरतो | मेनानी | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 9 | | पण्डरी | होनहे | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ0 लोलेन कन्डुलना भ्र० प० चि० पदा० चान्हो 9934143638 |
| 10 | | पतरातू | पूरब टोली | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 11 | | ताला | कमाती | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 12 | | सौंस | लुपुंगा | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 13 | नामकुम | राजाउलातु | पतराडीह | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० स्नेहलता कुमारी भ्र० प० चि० पदा०, नामकुम 9608509633 |
| 14 | | सिदरोल | छोटा कवाली | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 15 | | चंदाघासी | चंदाघांसी | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० अरूण कुमार भ्र० प० चि० पदा० तुंबागुटु 8809589737 |
| 16 | | हरदाग | बरकुटू | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 17 | | टाटी पूर्वी | बाजारटॉड़ | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० किंकर महतो भ्र० प० चि० पदा० टाटीसिल्वे 9431325590 |
| 18 | | टाटी पश्चिमी | हरिनगर | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 19 | | बन्धुवा | डुडुरदाग | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० पूजा दिव्या बारला भ्र० प० चि० पदा०हुआंगहातु 9031001981 |
| 20 | | हुआंगहातु | लकड़ा | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 21 | काँके | सुकुरहुटू उत्तरी | मुरली टुंगरी | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० एन्थोनी कोनगाड़ी भ्र० प० चि० पदा० सुकुरहुटु 9955581823 |
| 22 | | सुकुरहुटू दक्षिणी | सरना टोली | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 23 | | हुन्दुर | हलदामा | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० षषिभूशण प्रसाद सिन्हा भ्र० प० चि० पदा०, विकास 9955094431 |
| 24 | | नेवरी | बनटोली | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 25 | | अरसण्डे | अरसण्डे | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० सुदीप्ता बरियार प्र० प० पा० पदा० काँके 9430348184 |
| 26 | | बोड़ेया | संग्रामपुर | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 27 | | उरूगुटू | मेड़ही | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० तनवीर अख्तर भ्र० प० चि० पदा०, उरूगुटू |
| 28 | | मालश्रृंग | सांगा | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 29 | | पिठोरिया | मुण्डाटोली | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० निन्दर कौर भ्र० प० चि० पदा०, पिठोरिया 9031816502 |
| 30 | | राहड़ा | सुतियांबे | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 31 | माण्डर | बड़गड़ी | सेवाडीह | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ० कुसुम खलखो भ्र० प० चि० पदा०, मांडर 9430352568 |
| 32 | | ब्राम्बे | चुंद | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 33 | | नगड़ा | नगड़ा | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 34 | | झिंझरी | टोटांबी | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 35 | तमाड़ | उलीलोहार | बारेडीह | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ० राम प्रवेष राम भ्र० प० चि० पदा०, तमाड़ 9661618880 |
| 36 | | डिम्बुजर्दा | नवाडीह | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 37 | | कुरकुट्टा | जिलिंगसेरेंग | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 38 | | जानुमपीढ़ी | दुलमी | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 39 | अनगड़ा | साल्हन | बेरवारी | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० सेवा पालित प्र० प० पा० पदा० अनगड़ा 9472729822 |
| 40 | | लुपुंग | बहेया | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 41 | | चतरा | चतरा | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० विनोद कुमार भ्र० प० चि० पदा०, अनगड़ा 9572857515 |
| 42 | | बोंगईबेड़ा | बोंगईबेड़ा | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 43 | | जोन्हा | लेप्सर | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० अमित गुप्ता भ्र० प० चि० पदा०, जोन्हामोड़ 9631463191 |
| 44 | | गुड़ीडीह | हेसलाबेड़ा | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 45 | सिल्ली | पतराहातू | छोटाचांगडू | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० अमित कुमार भ्र० प० चि० पदा० पतराहातु 7004468687 |
| 46 | | दोवाडू | टुनकू | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 47 | | हकेदाग | रामपुर | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० संजय कुमार भ्र० प० चि० पदा० सिल्ली 9955966781 |
| 48 | | नागेडीह | अजयगढ़ | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 49 | | बिसरिया | बिसरिया | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० जेनीआभा मेलगांडी भ्र० प० चि० पदा०, मूरी |
| 50 | | बासारूली | बासारूली | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 51 | बुढ़मू | उमेडण्डा | सोसई | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० महेन्द्र राम भ्र० प० चि० पदा०,उमेडण्डा 8789254750 |
| 52 | | सारले | सुमू | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 53 | | हेसलपीड़ी | बेरवारी | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० बुद्धदेव नाग भ्र० प० चि० पदा० बेरवारी 89697255048 |
| 54 | | गुरूगाई | इटहे | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 55 | | ओझासाड़म | आरादेवरखण्ड | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० मनोज राम भ्र० प० चि० पदा०, बुढ़मू 9430159769 |
| 56 | | मुरूपीढ़ी | चाया | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 57 | ओरमांझी | ईचादाग | पिस्का | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० कमलेष कुमार भ्र० प० चि० पदा०, ओरमाँझी 9431357493 |
| 58 | | चुटुपालू | चुटूपालू | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 59 | | कुच्चू | जीरावार | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० विश्वनाथ टोप्पो प्र० प० पा० पदा० ओरमाँझी 9835132409 |
| 60 | | बरवे | बरवे | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 61 | | मायापुर | बसरिया | 28.08.2023 एवं 29.08.2023 | |
| 62 | | हुटाप | हुटाप | 31.08.2023 एवं 01.09.2023 | |
| 63 | | विश्रामपुर | विश्रामपुर | 04.09.2023 एवं 05.09.2023 | |
| 64 | | तुमांग | बिरसानगर | 08.09.2023 एवं 09.09.2023 | |
| 65 | खेलारी | बनमे | बनमे | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० प्रतिमा कुमारी भ्र० प० चि० पदा०, खेलारी 9431563821 |
| 66 | | चुरी पश्चिमी | बैंक कॉलोनी | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 67 | लापुंग | लतरातु | लतरातु | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डा० ज्ञानचन्द्र कुमार आर्य भ्र० प० चि० पदा०, लापुंग 7033782248 |
| 68 | | देवगांव | देवगांव | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 69 | | काकरिया | डूल | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 70 | | डारी | पोकटा | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 71 | रातू | रातू उत्तरी | झखराटॉड | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० विजय कुमार प्र० प० पा० पदा०, रातु 7004102740 |
| 72 | | रातू पूर्वी | काठीटॉड़ | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 73 | | तारूप | तारूप | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० अजय कुमार गुप्ता भ्र० प० चि० पदा०, रातु 8789387957 |
| 74 | | वानापीड़ी | बानापीड़ी | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 75 | बुण्डू | एदलहातु | छोटकलमा | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ0 सुभाष चन्द्र, प्र० प० पा० पदा०, बुण्डू 9431767519 |
| 76 | | ताऊ | दलकीडीह | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 77 | | काँची | गोसाईडीह | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 78 | सोनाहातु | सोनाहातु | सोनाहातु | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ० धनंजय प्र० प० पा० पदा० सोनाहातु |
| 79 | | लान्दुपडीह | लान्दुपडीह | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 80 | | जिन्तु | जिन्तु | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 81 | | हेसाडीह | पोकाहातु | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 82 | ईटकी | ईटकी पूर्वी | आनंदपुर | 07.08.2023 एवं 08.08.2023 | डॉ० षिवानन्द कांषी भ्र० प० चि० पदा०, ईटकी 7779885555 |
| 83 | | ईटकी पश्चिमी | सियारटोली | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | |
| 84 | | कुर्गी | तरगड़ी | 28.08.2023 एवं 29.08.2023 | |
| 85 | | चिनारो पूरियो | चिनारो | 31.08.2023 एवं 01.09.2023 | |
| 86 | नगड़ी | नारो | पिस्का | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ० अभिमन्यु प्रसाद भ्र० प० चि० पदा० नगड़ी 877903676114 |
| 87 | | नगड़ी | उराँव टोली | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 88 | | साहेर | हरही | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 89 | | देवरी | देवरी | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |
| 90 | राहे | होटलो | होटलो | 03.08.2023 एवं 04.08.2023 | डॉ० प्रफुल कुमार सिंह भ्र० प० चि० पदा०, राहे 9471369754 |
| 91 | | अम्बाझरिया | कोम्बो | 05.08.2023 एवं 07.08.2023 | |
| 92 | | सताकी | सताकी | 08.08.2023 एवं 10.08.2023 | |
| 93 | | बसंतपुर | बसंतपुर | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | |

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,राँची

PR 303500 Animal Husbandry(23-24).D

## आरोग्यम हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श एवं बांझपन निवारण शिविर शनिवार को



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्ल्ड आईवीएफ डे के अवसर पर एचजेडबी आरोग्यम फर्टिलिटी केयर एंड एंडोस्कोपी विभाग द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन शनिवार को एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में हॉस्पिटल संचालक हर्ष अजमेरा ने बताया की निसंतान दंपतियों को निराश होने की जरूरत नहीं है, उन्हें हमारे आईवीएफ सेंटर में पंहुचकर आशा की एक कई किरण दिखाई देगी। निराश हुए दंपत्तियों से उन्होंने निःशुल्क परामर्श एवं बांझपन निवारण शिविर में अवश्य शामिल होने का अपील किया। हॉस्पिटल की एडमिस्ट्रेटर जया सिंह ने अपील किया की कैंप में आने वाले निःसंतान दंपत्ति अपने पूर्व की समस्त जांच रिपोर्ट अवश्य साथ लेकर आएं। उन्होंने कैंप से संबंधित अधिक जानकारी के 9031010838, 7319942219,7319942210 मोबाइल नंबर में कॉल करने का भी अपील किया ।

## भारतीय किसान मजदूर यूनिट के जिला प्रतिनिधि अशोक गिरकर हुए घायल



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय किसान मजदूर यूनिट (सिंघानिया) के जिला रामगढ़ कार्यकारिणी अध्यक्ष अशोक बेदिया अपने गांव पडरिया में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घरेलू कार्य करने के दौरान गिरकर घायल हो गए हैं। घायल अशोक को भाकिमयू सदस्य अविनाश कुमार और परिजनों के द्वारा रामगढ़ के निजी अस्पताल में ले जाया गया। बताया गया कि घायल का बाया पैर की एड़ी के समक्ष चोट लगने से पैर में फैक्चर हो गया हैं। इधर खबर फैलने के बाद भाकिमयू नेता का हांल-चांल लेने में लोग सक्रिय हो गए हैं।

## मुहर्रम पर्व के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया फ्लैग मार्च



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ किशोर कुमार रजक, थाना प्रभारी रामगढ़ रोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ रामगढ़ थाना परिसर से गोलपार आम बगीचा, सौदागर मोहल्ला, लोहार टोला होते हुए सुभाष चौक तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने, किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी नजदीकी थाना अथवा जिला प्रशासन को देने की अपील की।

## कर्रा के बिचागड़ा में वज्रपात से दो बैल कि मौत

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बिचागड़ा गांव में शुक्रवार सुबह 10 बजे वज्रपात होने से बिचागड़ा गांव निवासी किसान फिरन महतो का दो बैल कि मौत हो गयी. ज्ञात हो कि बिचागड़ा निवासी फिरन महतो गोहार घर निकाल कर दोनों बैल को बहार बांध दिया था तभी अचानक हल्की वर्षा के साथ वज्रपात होने से दोनों बैल घटना स्थल पर मौत हो गयी. जिसके बाद ग्रामीणों ने घटना कि जानकारी प्रखंड पशु चिकित्सक को दिया गया ।

## पतरातु प्रखंड स्तरीय पंचायत सचिव संघ का गठन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में पहले से पदस्थापित पंचायत सेवक एवं नवनियुक्त पंचायत सेवकों की बीच बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत सेवक किस्तो महतो ने किया। तथा बैठक में विचार विमर्श के बाद प्रखंड स्तरीय पंचायत सचिव संघ का गठन किया गया तथा सभी के सर्वसम्मति से कैलाश प्रसाद महतो अध्यक्ष शहजाद आलम सचिव प्रिया कुमारी कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक में समिति का संचालन हेतु प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। तथा बैठक के बाद पहले से पद्य स्थापित पंचायत सचिवों ने नवनियुक्त पंचायत सचिवों को मीठा खिलाकर स्वागत किया और भविष्य की अनेकों शुभकामनाएं दिया। बैठक में पंचायत सेवक बोधी महतो, किस्टो महतो, जिम्मी माल्तो, नरेश महतो, नरेश हजाम,आदि थे ।

## बरही में मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** शुक्रवार को बरही प्रशासन मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने व विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला।फ्लैग मार्च बरही थाना परिसर से शुरुआत हुई जो बरही चौक के चारों रोड का भ्रमण करते हुए संपन्न हुई। इस दौरान एसडीओ पूनम कुजुर, डीएसपी नजीर अख्तर,सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह समेत कई पुलिस जवान मौजूद थे। एसडीओ पूनम कुजूर व एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि बरही में मोहर्रम पर्व को लेकर जुलूस में किसी प्रकार का विधि व्यवस्था बाधित ना हो, जिसे देखते हुए अनुमंडल पुलिस द्वारा पूरे बरही अनुमंडल क्षेत्र में व्यापक व्यवस्था किया गया है।

## नवनियुक्त डीसी चंदन कुमार को बुके देकर स्वागत किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ समाहरणालय में नवनियुक्त डीसी चंदन कुमार का स्वागत बुके एवं प्रार्थना की तस्वीर देखकर कमल बगड़िया सुरेश बगड़िया एवं वरुण बगड़िया ने किया । डी सी चंदन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी अच्छे कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ाया जाएगा । वही कमल बागड़िया के द्वारा डी सी चंदन कुमार को जानकारी दी गई कि यहां पर राष्ट्रपति बाबू की समाधि स्थल भी उनके महाप्रयाण के बाद कलश में अस्थियों को लाकर यहां छोटे राजघाट के रूप में दामोदर नदी स्थित मुक्तिधाम स्थापित किया गया। साथ ही कमल बगड़िया ने निर्वतमान डी सी माधवी मिश्रा को भी बुके और तस्वीर देखकर गुरु नानक ऑडिटोरियम में विदाई दी उनके अच्छे भविष्य की कामना गुरुद्वारा कमेटी एवं गुरु नानक पब्लिक स्कूल के अधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर की।

## सांसद ने की जलवायु परिवर्तन पर आयोजित जी-20 कॉन्फ्रेंस के पहले सत्र की अध्यक्षता

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** हम सभी अवगत हैं कि आज भारत समेत पूरे विश्व के लिए जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस दिशा में दुनिया भर में अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने नीती आयोग द्वारा नई दिल्ली में 28 जुलाई को जलवायु परिवर्तन व वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हरित और सतत विकास एजेंडा सुनिश्चित करने पर आयोजित जी-20 कॉन्फ्रेंस के पहले सत्र की अध्यक्षता की।इस चर्चा में नीती आयोग के उपाध्यक्ष डॉ सुमन के बेरी , नीती आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम, विश्वविख्यात सार्वजनिक नीति विशेषज्ञ अरुणाभ घोष , हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर व अर्थशास्त्री रोबर्ट स्टैविंस और वैश्विक मामलों की विशेषज्ञ जेसिका सेडॉन समेत देश-विदेश से आये अन्य कई गणमान्य विशेषज्ञ उपस्थित थे। यह संवाद बेहद सार्थक व ऊर्जात्मक रहा। इसमें जलवायु परिवर्तन के संबंध में कई आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत संवाद किया गया।जयंत सिन्हा जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अपने सुझावों, कार्यों व रिपोर्टों से विशेष योगदान दे रहे हैं। उन्होंने इस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अन्य देशों की तरह आज भारत भी जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है। इसके लिये हमें ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने की बेहद जरूरत है। हमें भारत में विदेश से निवेश बढ़ाना होगा ताकि हम पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उपयोग कर सकें।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस दिशा में हर आवश्यक कदम उठा रही है।

## उपायुक्त ने किया नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित, ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एफएलसी के कार्य को पारदर्शिता से पूर्ण करने के संबंध में भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना ने कारगिल विजय दिवस मनाया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और इकाई दो द्वारा शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। रामगढ़ कॉलेज की प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद, महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो सरिता सिंह , राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय, डॉ अनामिका तथा हिंदी विभाग के डॉ राहुल कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि युवा देश सेवा में अपना योगदान दें। कई छोटे-छोटे सामाजिक काम कर वे छात्र जीवन से देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर सकते हैं। प्रो सरिता सिंह ने इस अवसर पर रविन्द्र नाथ टैगोर को याद करते हुए कहा कि समाज को कुछ देने में कष्ट होता है,पर वह कष्ट बड़ा सुखद है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के राहुल कुमार ने विद्यार्थियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित किया कि कल महाविद्यालय में रक्तदान शिविर था, विद्यार्थियों को इस तरह के सामाजिक दायित्वों से जुड़ना चाहिए। सबका स्वागत करते हुए इकाई 1 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय ने कहा कियह अवसर अपने शहीदों के बलिदान को याद करने का है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका ने कहा कि देश सेवा के लिए अपने आसपास के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है।कार्यक्रम में बाल्मीकि,आशा,रवि,अंजू आदि कई स्वयंसेवक ने अपने विचार रखे।

## सिख रेजीमेंट सेंटर ने शुरू किया पेड़ लगाओ अभियान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिख रेजिमेंटल सेंटर, रामगढ़ छावनी में शुक्रवार को 74 वें वन महोत्सव और कारगिल विजय दिवस के मौके पर पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया गया। जिला वन विभाग के साथ मिलकर पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया गया है. मौके पर सिख रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर शैलेश सती और सिख रेजिमेंट के कई अधिकारी सहित रामगढ़ जिला वन अधिकारी नीतीश कुमार मौजूद थे। मौके पर ब्रिगेडियर शैलेश सती ने कहा कि भारतीय सेना में पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता है. इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के 500 से अधिक पौधे लगाए जा रहे हैं. इस पहल से क्षेत्र के मौजूदा हरियाली में और वृद्धि होगी. अभियान में सैनिक, परिवार और बच्चे भी शामिल होंगे. इनका संदेश हरा भूमि, स्वच्छ भूमि है. इसका मुख्य लक्ष्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।


### कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.06.2023 को खरवागढ़ा (भरनो), थाना–भरनो, जिला–गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 09:00 बजे पूर्वाह्न 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 303522 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D



### कार्यालय: वन प्रमण्डल पदाधिकारी गुमला वन प्रमण्डल

E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.06.2023 को भरनो (मुड़कटी अम्बा), थाना–भरनो के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 08:30 बजे अपराह्न 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी
गुमला वन प्रमंडल

PR 303524 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D



### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (समाज कल्याण)

**Play School संचालकों हेतु आवश्यक सूचना**

विभागीय अधिसूचना सं0–05/M.B./PlaySchool-03/2015-3026 दिनांक 13.07.2017 द्वारा झारखण्ड राज्य PlaySchool (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली 2017 का गठन किया गया है।

उपरोक्त अधिसूचना के आलोक में सभी PlaySchool संचालकों को सूचित किया जाता है कि अपने–अपने विद्यालय से संबंधित पूर्ण विवरणी जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ Block'B' में उपलब्ध कराये जा रहे विहित प्रपत्र में अनिवार्य रूप से दिनांक 14.08.2023 तक जमा कर दें। जानकारी उपलब्ध कराने हेतु सभी प्रपत्र रामगढ़ जिला के अधिकारिक Webisite:-www.ramgarh.nic.in पर उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेश जानकारी हेतु जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।

–: प्रपत्र :–

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | संस्था का पंजीयन सं0 | Play School का नाम एवं पता | Play School प्रारम्भ करने का वर्ष | सचिव का नाम | मोबाईल नं0 | E-mail id | नामांकित बच्चों की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

PR 303566 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

उपायुक्त, रामगढ़



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची

**अतिअल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या– – 06 / 2023–24(2nd Call)**

**पूर्व का पी0आर0 संख्या–302042 Rural development (23-24)#D**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :– दिनांक 02.08.2023 से 07.08.2023को अपराह्न 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 08.08.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 08.08.2023, 03:30 बजे अपराह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची। (2) उप विकास आयुक्त का कार्यालय, राँची।
6. निविदा का मद :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क0 | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य(रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खलारी | बुकबुका | बुकबुका | श्री राम जानकी मंदिर से डी0ए0वी0 स्कूल होते हुए के0डी0 बैंड मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8,85,500.00 | 17,800.00 | 1250.00 | 5 Month |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,राँची

PR 303569 Rural Development(23-24).D



### कार्यालयः– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2023 को ग्राम–जिरमी, थाना–कुरूमगढ़, जिला–गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 04:30 बजे अपराह्न 101 पीस साल बोटा को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 101 पीस साल बोटा के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

:–वन है,तो जीवन है–:

PR303520 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D



### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (जिला भू-अर्जन शाखा)

**–: आम–सूचना :–**

भारतमाला परियोजना अंतर्गत पैकेज–01 (जैना–मोड़–गोला ओरमाँझी सेक्शन पर राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 NH-23 के कि0मी0 44.264 से कि0मी0 55.650 तक), पैकेज–02 (जैना–मोड़–गोला ओरमाँझी सेक्शन पर राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 320बी के कि0मी0 55.650 से कि0मी0 71.323 गोला ओरमाँझी सेक्शन हेतु), पैकेज–11 एवं पैकेज–12 (भारतमाला परियोजना अन्तर्गत फेज–II (लॉट–9 पैकेज–3) के तहत् वाराणसी से कोलकाता तक 4/6 लेन (ग्रीन फिल्ड) एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे निर्माण हेतु) अंतर्गत सभी संबंधित भू–धारियों को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त परियोजना अंतर्गत प्रभावित मौजों में अधिग्रहित भूमि (पिलर के अन्दर) पर किसी प्रकार का फसल अथवा निर्माण कार्य नहीं करेंगे। यदि रैयत के द्वारा अधिग्रहित भूमि के अन्दर फसल लगाया जाता है अथवा किसी प्रकार का निर्माण कार्य कराया जाता है, तो वह गैर कानूनी होगा। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति अथवा मुआवजा देय नहीं होगा। साथ ही ऐसे रैयतों के विरूद्व विधि सम्मत् कानूनी कार्रवाई प्रारम्भ की जायेगी।

सभी रैयतों को सख्त ताकिद किया जाता है कि अधिग्रहित भूमि के अन्दर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं करेंगे।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
–सह–सक्षम पदाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.303556 Land Reforms(23-24):D



### प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची (गव्य विकास निदेशालय) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची

Email-ftcranchi@gmail.com

**–: सूचना :–**

झारखण्ड राज्य के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं० 14 रा० (वि०) दिनांक – 21.07.2023 द्वारा प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास की स्वीकृत योजना अन्तर्गत **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण विशयक छः दिवसीय** प्रशिक्षण दिनांक – 01.08.2023 से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रु० प्रतिदिन एवं आने–जाने का भाड़ा DBT के माध्यम से उनके बैंक खाता में हस्तांतरित किया जाना है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को भोजनादि एवं आवास निःशुल्क दिया जाएगा।

दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण विशयक प्रशिक्षण से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों का जिलावार छः एवं सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है :–

**वित्तीय वर्ष 2023–2024 में स्वीकृत योजना अन्तर्गत दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों का जिलावार प्रशिक्षण कार्यक्रम :–**

| क्र. सं. | प्रशिक्षण अवधि | बैच सं० | जिला | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या OSP पुरूष | OSP महिला | OSP कुल | TSP पुरूष | TSP महिला | TSP कुल | SCSP पुरूष | SCSP महिला | SCSP कुल | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.08.2023 to 06.08.2023 | A | राँची | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | खूँटी | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 1 | 3 | 38 |
| | | | लोहरदगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | **योग** | **0** | **0** | **0** | **60** | **45** | **105** | **6** | **5** | **11** | **116** |
| | | B | गुमला | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 3 | 2 | 5 | 40 |
| | | | हजारीबाग | 20 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | **योग** | **20** | **15** | **35** | **20** | **15** | **35** | **5** | **4** | **9** | **79** |
| 2 | 07.08.2023 to 13.08.2023 | A | सिमडेगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | प० सिंहभूम | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | सरायकेला | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | **योग** | **0** | **0** | **0** | **60** | **30** | **90** | **6** | **6** | **12** | **102** |
| | | B | पलामू | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | गढ़वा | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | बोकारो | 15 | 10 | 25 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 3 | 28 |
| | | | **योग** | **55** | **30** | **85** | **0** | **0** | **0** | **6** | **5** | **11** | **96** |
| 3 | 14.08.2023 to 20.08.2023 | A | चतरा | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | लातेहार | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | पूर्वी सिंहभूम | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | **योग** | **20** | **10** | **30** | **40** | **25** | **65** | **6** | **6** | **12** | **107** |
| | | B | सिमडेगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| | | | कोडरमा | 20 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | **योग** | **20** | **15** | **35** | **20** | **10** | **30** | **4** | **3** | **7** | **72** |
| 4 | 22.08.2023 to 27.08.2023 | A | राँची | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| | | | खूँटी | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| | | | रामगढ़ | 20 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 | 40 |
| | | | **योग** | **20** | **15** | **35** | **40** | **20** | **60** | **7** | **4** | **11** | **106** |
| | | B | लोहरदगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | हजारीबाग | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | **योग** | **20** | **10** | **30** | **20** | **15** | **35** | **4** | **4** | **8** | **73** |

ह०/–
मुख्य अनुदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान राँची

PR303540 (Animal Husbandry)23-24*D

## जिला पुलिस अधीक्षक दीपक वर्मा से मिले कांग्रेस नेता बासुदेव वर्मा, दी बधाई



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को कांग्रेस नेता सह बगोदर विधानसभा के पार्टी प्रभारी बासुदेव वर्मा ने नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक दिपक शर्मा से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर बधाई दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा के आगमन से निश्चित ही पूरे जिले में विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होगी। आपको बता दें कि नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक का नाता गिरिडीह से पुराना रहा है इसके पूर्व वे सरिया बगोदर अनुमंडल में एसडीपीओ के पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं।

## एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला का बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के लोहापट्टी पंचायत सचिवालय में कानूनी जागरूकता एवं डीएमएफटी पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का बिरसा सामाजिक संस्था, रांची द्वारा आयोजन किया गया। गोष्ठी में रांची उच्चय न्यालय के वकील सोनल तिवारी ने कानूनी जानकारी के साथ डीएमएफटी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आगेडिस्ट्रिक मिनिरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट के बारे में बताया की ट्रस्ट के माध्यम से खनन प्रभावित समुदाय के विकास के काम होना है। जनार्दन महतो ने कहा की ग्राम सभा को सशक्त करने की जरूरत है। ग्रामसभा से ऊपर ना तो लोकसभा है ना विधानसभा है। सबसे ऊपर ग्राम सभा होता है। ग्राम सभा के माध्यम से कई योजना एवं समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने कहा की जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट की गजट को हम ग्रामीणों को सम्पूर्ण अध्ययन कर खनन प्रभावित गांवों में ग्रामीणों की हित में वार्षिक योजना चयन कर जिला को भेजना चाहिए। अभी तक जानकारी के अभाव से प्रभावित इलाके के ग्रामीणों डीएमएफटी मद का लाभ नहीं मिल पाया है ।

## मुखिया उप प्रमुख ने किया पेवर ब्लाक कार्य का शिलान्यास

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एग्यारकुंड उत्तर पंचायत स्थित गलफरबाड़ी मोड़ मस्जिद समीप सड़क किनारे लगाए जा रहे पेवर ब्लॉक कार्य का शुक्रवार को मुखिया काकुली मुखर्जी, प्रखंड उपप्रमुख विनोद दास, एग्यारकुंड भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी, मन्नू अधिकारी, सुलेखा प्रजापति, अर्जुन सिंह ने नारीयल फोड़ कर शिलान्यास किया। उक्त अवसर सभी ने सरकार द्वारा कराए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे ना सिर्फ सड़क का सौंदर्यीकरण बल्कि आने जाने वालों को भी काफी सुविधा होगी। पहले लोगों को सड़क पर पैदल चलना पड़ता था। जिससे दुर्घटना का अंदेशा हमेशा बना रहता था। इसके बन जाने से यह भय नही रहेगा।

## गिरिडीह के नए एसपी दीपक कुमार शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**गिरिडीहा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह के नए एसपी दीपक कुमार शर्मा ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया. निवर्तमान एसपी अमित रेणु में दीपक कुमार शर्मा को पदभार सौंपा. इसके पूर्व समाहरणालय पहुंचने के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. साथ ही लॉ एंड ऑर्डर को बिगाड़ने वाले उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी । एसपी शर्मा ने कहा कि गिरिडीह जिला काफी बड़ा है, ऐसे में हमारा प्रयास रहेगा कि जिसकी भी कोई समस्या हो तो उनके समस्या का निबटारा वही पर हो. पुलिस के द्वारा जिस प्रकार से अभियान चलाया जा रहा है, वह लगातार जारी रहेगा. हाल के दिनों में गिरिडीह पुलिस ने कई बड़े नक्सलियों को गिरफ्तार किया है और कई नक्सली सरकार की आत्मसमर्पण योजना से प्रभावित होकर मुख्यधारा में वापस लौटे भी है।उन्होंने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत नक्सलियों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए अभियान जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि गिरिडीह के लोगों से अपील है कि मुहर्रम का पर्व लोग शांतिपूर्ण माहौल में मनाए और पुलिस प्रशासन का सहयोग करे।

## श्रावणी मेला स्पेशल का सिमुलतला स्टेशन पर होगा ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** मोकामा और जसीडीह के मध्य श्रावणी मेला के अवसर पर परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 03206/03205 मोकामा-जसीडीह-मोकामा श्रावणी स्पेषल का सिमुलतला स्टेषन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है ।

गाड़ी सं. 03206 मोकामा-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेषल 11.10 बजे सिमुलतला स्टेषन पहुंचकर 11.12 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह 03205 जसीडीह-मोकामा श्रावणी मेला स्पेषल 12.50 बजे सिमुलतला पहुंचकर 12.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### निगम की हठधर्मी के कारण बंद हुआ श्मशान घाट का मरम्मत कार्य

## नगर निगम का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण : मुख्तार खान

प्रभात मंत्र संवाददाता





**धनबाद :** धनबाद नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत मटकुरिया श्मशान घाट की जर्जरता स्थिति पर निगम के अधिकारी, न काम करेंगे और न करने देंगे की कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। दरअसल, मामला यह है कि पिछले दिनों मटकुरिया श्मशान घाट की बदहाली पर वासेपुर के समाजसेवी मुख्तार खान ने घोषणा की थी कि अगर निगम दस दिनों के अंदर क्षतिग्रस्त सीढ़ी और शैया का मरम्मत नही कराता है तो वे अपने स्तर से वहां मरम्मत का कार्य प्रारंभ करेंगे। तय घोषणा के अनुसार शुक्रवार को जब समाजसेवी मुख्तार खान ने मरम्मत कार्य शुरू करवाया तो महज चंद मिनट में निगम कर्मी अनिल कुमार पहुंचे और यह कह कर काम बंद करवा दिया कि बगैर नगर आयुक्त की अनुमति के आप श्मशान घाट में कोई भी कार्य नही कर सकते। इस पर खान ने बिना समय गंवाए ही नगर आयुक्त से मुलाकात की तो उन्होंने काम करने की अनुमति देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी मो. अनीस से बात करने को कहा। मो अनीस ने यह कहते हुए पलड़ा झाड़ दिया कि जब नगर आयुक्त ने कार्य करने की अनुमति दे दी है तो उन्हें इस मामले में बेवजह न घसीटा जाए। बाद में एक बार फिर श्मशान घाट में मरम्मत कार्य शुरू किया गया।

थोड़ी देर मे ही मो. अनीस ने मुख्तार खान को फोन कर कार्य बंद कर देने को कहा। इस बाबत मुख्तार खान जनहित की लाख दुहाई देते रहे किंतु उनकी एक न सुनी गई। ऐसे में मटकुरिया श्मशान घाट की क्षतिग्रस्त सीढ़ी और शैया का मामला एक बार फिर ठंडे बस्ते में चला गया है। इस घटना पर मुख्तार खान ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा है कि निगम के अधिकारियों का जमीर मर चुका है। श्मशान जैसे पवित्र स्थान पर भी निगम अपना तानाशाही रवैया दिखाते हुए न तो काम कर रही है और न करने दे रही है, जो बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

## मुहर्रम के मद्देनजर जोड़ापोखर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोहर्रम पर खेले जाने वाले अखाड़ा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जोड़ापोखर थाना प्रभारी बिनोद उराँव के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। फ्लैग मार्च शुक्रवार की शाम जोड़ापोखर से लेकर, मुख्य बाजार डिगवाडीह, जामाडोबा, फुसबंगला, डुमरी, जीतपुर, बरारी सहित पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान इंस्पेक्टर बिनोद उराँव ने बाजार में जगह-जगह शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि सभी लोग सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। कोई भी संदिग्ध दिखे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस कार्यवाई करेगी। इस दौरान एसआई सचिदानंद गुप्ता, राजेश रंजन, एएसआइ नीलकमल लकड़ा, प्रमोद यादव, ज्योति यादव, सबियल खेस आदि थे।

## मुहर्रम को लेकर 7 जोन में जिले को बांटा गया

### 7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मुहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं सभी थाना क्षेत्र व ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष 29 जुलाई 2023 के सुबह 6 बजे से 30 जुलाई के सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा। इसके अलावा सभी थाना में मोबाइल टीम मौजूद रहेगी। जिले को धनबाद, कतरास, चिरकुंडा, झरिया, गोविंदपुर, टुंडी व तोपचांची ज़ोन में बाटा गया है। वहीं जिले के 27 थाना क्षेत्र एवं 2 ओपी क्षेत्र में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरती जाएगी।

**29 जुलाई के सुबह 6 बजे से 30 जुलाई के सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा नियंत्रण कक्ष :-** जिला नियंत्रण कक्ष 29 जुलाई के सुबह 6 बजे से 30 जुलाई के सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष में तीन शिफ्ट के लिए 18 दंडाधिकारियों व 9 पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एक शिफ्ट में 6 दंडाधिकारी व 3 पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर 0326-2311217, 0326-2311807 तथा 100 है। अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रहेंगे।

**27 थाना, 2 ओपी में रहेगी विशेष निगरानी :-** धनबाद, बैंक मोड, सरायढेला, धनसार, केन्दुआडीह, लोयाबाद, जोगता, पुटकी, झरिया, जोरापोखर, तिसरा, सिंदरी, सुदामडीह, पाथरडीह, निरसा, चिरकुंडा, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बाघमारा, महुदा, बलियापुर, बरोरा, तेतुलमारी, अलकडीहा, पूर्वी टुंडी, मनियाडीह तथा ईस्ट बसुरिया व लोदना ओपी में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। संयुक्त आदेश में पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विषयों के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## धनबाद कर्बला वेलफेयर कमिटी ने लगाई सुरक्षा की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** धनबाद कर्बला वेलफेयर कमिटी ने बैंक मोड़ धनबाद में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें कमेटी के अध्यक्ष जमील हसन, सचिव शकील अंसारी ने बताया कि कर्बला एक सौ वर्ष पूर्व से स्थापित है और धनबाद के सभी मोहल्ले से अखाड़ा जुलूस और ताजिया लेकर लोग बैंक मोड़ स्थित कर्बला आते हैं। बताया की कर्बला कमेटी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आने वाले सभी लोगों का स्वागत करेगी और श्रद्धालुओं के लिए पानी, शरबत आदि का इंतजाम किया जाएगा।

आगे बताया कि कर्बला कमेटी सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरा से यूट्यूब पर तमाम गतिविधियों का सीधा प्रसारण करेगी। वहीं पिछ्ले वर्ष की एक घटना का ज़िक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्ष कुछ शरारती तत्वों ने हमारे कर्बला में आकर बम फोड़ा और शांति व्यवस्था को भंग करने का कार्य किया। उस घटना को देखते हुए कर्बला कमेटी ने इस वर्ष बैंक मोड़ थाना में आयोजित हुई शांति समिति की मीटिंग में उस घटना का जिक्र किया और थाना प्रभारी से सुरक्षा की मांग की। वहीं थाना प्रभारी ने पूरी सुरक्षा का आश्वासन दिया है। साथ ही कर्बला कमेटी ने लिखित आवेदन के माध्यम से वरीय आरक्षी अधीक्षक, उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और आरक्षी उपाधीक्षक विधि व्यवस्था से भी सुरक्षा की गुहार लगाई है ताकि शांतिपूर्वक ढंग से मोहर्रम के त्यौहार को मनाया जा सके। प्रेस वार्ता मे सदर जमील हसन, सचिव शकील अंसारी, मो अशफाक, मो नौशाद (बाबू), मो अशफाक हुसैन, वसीम अकरम खान, तस्लीम, मो राजा, वसीम, मो अनवर, नन्हे, कलीम, मो सलीम तथा कर्बला कमेटी के सारे मेंबर उपस्थित थे।

### कोक प्लांट संघर्ष समिति की 5 सूत्री मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग

## मांगे पुरी नहीं हुई तो 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन चक्का जाम : बॉबी पांडे

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** शुक्रवार को बीजेपी की महानगर महिला मोर्चा जिला महामंत्री बॉबी पांडे ने मीडिया से बात करते हुए कहा की कोक प्लांट संघर्ष समिति के 5 सूत्री के मांगों को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड प्रबंधन जल्द से जल्द पूरा करें अन्यथा कोक प्लांट संघर्ष समिति के ग्रामीणों द्वारा 1 अगस्त को सभी ग्रामीण आउटसोर्सिंग कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम करेंगे। गोपाली चौक के आउटसोर्सिंग कंपनी की वजह से ग्रामीणों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी पांच सूत्री मांगों को पूरा करने का कार्य बीसीसीएल प्रबंधक की जिम्मेदारी बनती है।

पांच सूत्री की मांग मे ग्रामीणों के लिए राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार 75 प्रतिश आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार दिया जाए, पानी का नियमित छिड़काव किया जाए, पेड़ पौधों को बचाया जाए, क्षेत्र में पानी की नियमित व्यवस्था किया जाए तथा बिजली व्यवस्था को सुचारू किया जाने की बात कही गई है। ज्ञात हो की इस बाबत महाप्रबंधक पीबी एरिया, धनबाद के उपायुक्त, वरीय आरक्षी अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुटकी थाना प्रभारी को कोक प्लांट संघर्ष समिति के ग्रामीणों द्वारा पांच सूत्री मांगों को लिखित में देने का कार्य किया जा चुका है।

## आरटीआई का जवाब नही मिलने पर दिया धरना



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक दो प्रबंधन द्वारा सीएमपीएफ का हिसाब आरटीआई के तहत बेनीडीह मेन साइडिंग के सेल पीकर मजदूरों को अभी तक उपलब्ध नहीं कराने के कारण आज पुनः जीएम कार्यालय में संध्या 4 बजे से विरोध प्रदर्शन और दिया गया सांकेतिक धरना ।

## सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के हरबंश कुमार बने स्टेट टॉपर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गिरिडीह ने अपने 7 साल के कार्यकाल में सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने ऐसे ऐसे किर्तिमान हासिल किए । जिसे हासिल करने की सिर्फ एक ही कुंजी है कड़ी मेहनत और संस्थान के शिक्षकों का मार्गदर्शन।झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ने पॉलीटेक्निक द्वितीय वर्ष(सत्र 2021-24) का परीक्षा परिणाम पिछले हफ्ते में जारी किया और जिसमें झारखंड में सभी संस्थान के परीक्षा परिणाम का विश्लेषण करने बाद सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के हरवंश कुमार ने सत्र 2021-24 के लिए पूरे झारखंड में 88त्न अंक लाकर स्टेट टॉपर का खिताब हासिल किया। प्रतिस्पर्धा तो कभी सिर्फ जिला-स्तरीय तक होती थी परंतु सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जो कि संथाल परगना क्षेत्र गिरिडीह के कोरिडीह में अवस्थित है, एक आदिवासी बहुल इलाका है, जहाँ पर कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हुए आज और इससे पहले कई बार स्टेट टॉपर का खिताब हासिल कर चुका है,जो सिर्फ कड़ी मेहनत और स्मार्ट वर्क कल्चर से ही संभव हो सकता है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के माइनिंग इंजीनियरिंग के छात्र ऋषभ सिंह ने वर्ष 2018 और 2019 में स्टेट टॉपर का खिताब हासिल किया और सतनाथ विश्वकर्मा ने भी 2019 और 2021 में स्टेट टॉपर का खिताब हासिल कर चुके हैं। इस उपलक्ष्य पर संस्थान के निदेशक डॉ. बिजय सिंह सर ने बताया कि सुभाष इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अपने सातवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और साथ ही अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने हरवंश को आशीर्वाद दिया साथ ही उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संस्थान के प्राचार्य कौशल हँसराज ने इस सफलता का पूरा श्रेय सिविल विभाग प्रमुख बीरेंद्र कुमार और उनकी टीम को दिया।

## पीड़िता के घर दिनभर लगा रहा नेताओं का जमावड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरिया :** दलित महिला के साथ हुए घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को भी पीडिता के घर नेताओं का जमावड़ा लगा रहा । सबसे पहले जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव ,भाजपा नेता परमेश्वर मोदी,सचिन्द्र सिंह व नकुल पाण्डेय पीडिता के घर पहुँचे और पीडिता का हालचाल लिया ,इस दौरान जिप उपाध्यक्ष ने नकद आर्थिक सहयोग भी दिया तथा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया । तत्पश्चात कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश बर्मा,मो.ईकबाल, बीससूत्री अध्यक्ष मुरली मनोहर मंडल ,प्रखण्ड अध्यक्ष कुशकांत सिंह व ईतवारी बर्मा पीडिता के घर पहुँचे और पीडिता की स्थिति को देखते हुए मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया ।

**कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर घटना की निंदा की :-** शुक्रवार को इस मामले में कांग्रेस प्रदेश सचिव नरेश वर्मा ने प्रेसवार्ता कर इस घटना की कडी निंदा करते हुए दोषियों पर कडी कार्रवाई की माँग की । इन्होंने कहा कि यूपीए गठबंधन के सरकार में त्वरित कार्रवाई होती है ,इसके लिए इन्होने सरिया पुलिस को धन्यवाद भी दिया । कहा कि इस घटना से क्षेत्र के लोग सबक लें ताकि इस प्रकार की घटना का पुनरावृति ना हो मौके पर सरिया बीस सूत्री अध्यक्ष मुरली मनोहर मंडल, बिरनी अध्यक्ष एतवारी महतो, कुश कांत सिंह, मो इक़बाल आदि लोग उपस्थित थे।

## रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

***9 से 13 अगस्त तक किया जाएगा परेड का पूर्वाभ्यास***

***प्लास्टिक से बने राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री व उसका प्रयोग नहीं करने की अपील***

***75 अमृत सरोवर पर किया जाएगा झंडोत्तोलन***

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2023, के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में आज बैठक का आयोजन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर पूर्वाह्न 9:05 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में 10:00 बजे पूर्वाह्न, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 10:10 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10:20 बजे पूर्वाह्न, मिश्रित भवन में 10:30 बजे पूर्वाह्न, गांधी सेवा सदन 10:45 बजे पूर्वाह्न, रेड क्रॉस सोसाइटी में 11:00 बजे पूर्वाह्न तथा पुलिस लाइन धनबाद में 11:10 बजे पूर्वाह्न में झंडोत्तोलन किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर डीएपी व एनसीसी के दो - दो प्लाटून तथा सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, आरपीएसएफ व भारतीय स्काउट एंड गाइड के एक - एक प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगे। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास गोल्फ ग्राउंड में किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिले में *ड्राई डे* घोषित रहेगा।

## +2 नवडीहा में सम्मान समारोह का आयोजन, विद्यार्थियों को पुरस्कृत देकर किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमुआ :** प्रखंड के +2 नवडीहा उच्च विद्यालय नवडीहा को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों के द्वारा संथाली गाना से अतिथियों का स्वागत किया। नवडीहा स्कूल के 10वी एवं 12वी के टॉप 10 विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया आपको बता दें की नवडीहा उच्च विद्यालय 12वी के छात्रा कला वर्ग मैं मुस्कान कुमारी 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिला टॉपर बनी वही विज्ञान वर्ग में विद्या वर्मा 93.80 प्राप्त करके जिला में प्रथम स्थान लाई। इसके साथी ही विद्यालय के टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया वही कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नीलम आईलीन टोप्पो ने सर्वप्रथम विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को शुभकामना देते शिक्षा विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दिया इसके साथ ही पढ़ाई के कई टिप्स बताएं वही शिक्षक को निर्देश देते हुए कही नियमित रूप से बच्चे पर विशेष ध्यान दें वही छात्रों से आग्रह करते हुए कहा नियमित रूप से स्कूल भी पहुंचे स्कूलों में भी बेहतर पढ़ाई होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### हेल्थ केयर कार्ड व बालिका समृद्धि योजना को लेकर हुई विस्तार पूर्वक चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा** : बाँसजोर प्रखंड के उरते पंचायत अंतर्गत कच्छुपानी गांव में जन भावना फाउंडेशन के तत्वधान में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों के आखिरी जन तक विकास व बदलाव हो सके। इस कार्यक्रम में छ्व्क्स के जिला हेड खुशीराम कुमार,पाकरटांड हेड आनंद बड़ाईक,बाँसजोर प्रखंड हेड अमित हर्षित देवी विशेष रूप से उपस्थित हुए।इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि हमारी संस्था की मुख्य उद्देश्य है अच्छी शिक्षा, स्वस्थ व रोजगार पहुंचना।वर्तमान में जन भावना फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों जाकर हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना सम्बन्ध में लोगों बताया जा रहा है और लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए पहल कर रहे हैं साथ ही साथ बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना,बालिकाओं को सशक्त व समृद्ध बनाना है। आपका सहयोग हमारा प्रयास के साथ हर हाथ हुनर जन-जन को रोजगार है। पंचायत को स्मार्ट गांव बनाना है, इस फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले दिनों में स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लिनिक,नशा मुक्ति, मशरूम ट्रेनिंग, मत्स्य पालन ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग,सिलाई ट्रेनिंग, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, बालिका विकास योजना, माइक्रो फाइनांस, खेल कूद, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग सहित कौशल विकास का लाभ लोगों को दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में उरते क्का। अनुराधा सनमानी, बाँसजोर क्का। ग्लोरिया डाँग सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सहियाओं की मासिक कलस्टर बैठक में हुई समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो** : लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 जुलाई शुक्रवार को स्वास्थ्य सहियाओं की मासिक समीक्षा बैठक प्राथमिक उप-स्वास्थय केंद्र भवन कैरो मे सहिया साथी जयफलिता लकड़ा के अध्यक्षता मे आहुत की गयी। बैठक मे कलस्टर क्षेत्र के सहिया के द्वारा पोषक क्षेत्रो मे की गई कार्यो की समीक्षा की गई। वही आगामी कार्यो की रुपरेखा भी तैयार किया गया। इस अवसर पर सहिया साथी जयफलिता लक्ड़ा ने बताया कि बच्चों मे एनीमिया के कमी को दूर करने के लिए सप्ताह मे 02 दिन बुधवार एवं शनीवार को अपने अपने पोषक क्षेत्रो मे आईएफए की खुराक देने,एवं किशोर-किशोरियों को नियमित रुप से विटामिन की खुराक देने इत्यादि महत्वपूर्ण विन्दुओ पर बैठक मे चर्चा किया गया। वही उक्त मासिक समीक्षा बैठक मे किये जा रहे कार्यो की समीक्षात्मक रिपोर्ट प्रतिवेदन हर हाल मे जमा करने की बात सभी सहियाओं से की गई। बैठक मे सहिया द्वारा महीने के कार्यो की पीएलए इन्ट्रि भी की गई। वही आगे की कार्यो को पोषक क्षेत्रो मे शत प्रतिशत कार्यो को पुर्ण करने हेतू विन्दुवार योजना भी बनाई गई। आज के उक्त बैठक मे आरकेएसकेबीटीटी शंकर राम,सहिया जुबेर नाज प्रवीण,सरोज देवी,जौरी उराँव,पुष्पा उराँव,सूषाना बाड़ा,परमिला उराँव,बन्धईन उराँव,इत्यादि स्वास्थय सहिया बैठक मे उपस्थित थे।

### डीएवी में अभिभावकों के त्याग व समर्पण पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। माता पिता इस प्रकृति की सबसे अनमोल नेमत है। जो इस धरती पर उस ईश्वर ने हमें दिया है। वह हर समय हमारे साथ नहीं रह सकता। इसलिए उसने धरती पर माता-पिता को अपना रूप बना कर भेजा है। ऐसे ही नहीं किंवदंतियां बनी है कि- माता पिता के चरणों में स्वर्ग होता है।बच्चों में माता-पिता के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों के मध्य माता- पिता के महत्व पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें दीपांशु कुमार ने प्रथम आलिया हसन ने द्वितीय तथा स्नेहा देवघरिया व आकृति पंकज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षक यू सी दास, पी के सिन्हा व पूनम सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर किया गया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा** : लोहरदगा जवाहर नवोदय विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण का कार्य किया गया। प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के जवाहर नवोदय विदयालय जोगना में विद्यालय के प्रचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा फलदार व छायादार पेड़ लगाया गया। साथ ही विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा को जिला स्तर पर पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है.जिस जिला के सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को खेल कूद,सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्यालय का रख रखाव और व्यवस्था जैसी अन्य चीजों के विषय पर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जायेगा। जिसे नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ छात्र छात्राओं का शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास कार्य में सहायक सिद्ध होंगे। मौके पर विद्यालय के प्रचार्य,शिक्षक शिक्षिका और सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### सुदर्शन भगत ने हर घर नल जल कार्य योजना में अनियमितता को लेकर केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हर घर नल जल कार्य योजना क्रियान्वयन में अनियमितता को लेकर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्राचार कर संसदीय क्षेत्र में हो रही अनियमितता को अवगत कराया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि देश में हर घर नल जल योजना से देश के ग्रामीण अंचल में बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं यह योजना सामान्य जन को आधारभूत सुविधा मुहैया कराने में सफल हो रही है। परंतु इसी योजना को लेकर अपने संसदीय क्षेत्र में बढ़ती जा रही अनियमितता को देखते हुए नाराजगी जताई और कहा कि मैंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार शिकायतें मिली है और क्षेत्र के कई गांव में इसका प्रत्यक्ष है रूप से गड़बड़ियां पाई गई है। इसलिए विभागीय मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि आप संसदीय क्षेत्र के गुमला एवं लोहरदगा जिला एवं रांची जिले के मांडर विधानसभा अंतर्गत आने वाली सभी प्रखंडों की विस्तृत रिपोर्ट (प्रशासन की संतोषजनक रिपोर्ट सहित) मंगवाई जाए जिसकी संपूर्ण जांच हो लापरवाही एवं अनियमितता के खिलाफ यथा योग्य कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए। इससे जनहित के लिए लाई गई एक सबसे बड़ी संकल्पित योजना और लाभार्थियों के साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के 70 वर्षों के बाद भी आमजन लोगों को स्वच्छ पीने योग्य जल की मुहैया ना होने पर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने हर घर स्वच्छ है जल की आपूर्ति के लिए संकल्प लिया है जिसमें हर नागरिक एवं प्रशासन का कर्तव्य है की इमानदारी पूर्वक इस योजना का क्रियान्वयन बगैर अनियमितता का किया जाए यह सभी कार्य भविष्य से जुड़ी हुई है। इसलिए किसी प्रकार की अनियमितता विशेषकर हमारे संसदीय क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि अनिमियता पकड़ी गई तो यथायोग्य कार्रवाई निश्चित होगी और इसमें पाए गए संलिप्तता वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## उपायुक्त से मिले जेएनवी जालना के विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : महाराष्ट्र राज्य के जालना जिला के परतूर शहर में अवस्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिले। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त से जिला प्रशासन के कार्य और जिला में उपायुक्त के कार्य करने के तौर-तरीकों को विस्तार से जाना। साथ ही,भारतीय सिविल सेवा को कॅरियर के रूप में चुने जाने के लिए आवश्यक तैयारियों को जाना। उपायुक्त द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय सिविल सेवा को कॅरियर के रूप में चुनने के लिए आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी। साथ ही कॅरियर के चुनाव में अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उपायुक्त ने सिविल सेवा की तैयारी में दसवीं, 12वीं और स्नातक की शिक्षा की महत्ता को बताया। आज इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राधानाचार्य एसी झा, विज्ञान विषय की शिक्षिका कुमुदिनी प्रसाद और जवाहर नवोदय विद्यालय, परतूर, जालना के 18 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी छात्र-छात्राओं को कक्षा नौवीं की पढ़ाई के लिए हिंदी भाषी क्षेत्र के विद्यालय में भेजा गया है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : जिला कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 09अगस्त 2023 को विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन पुराना शुक्रबाजार स्थित नगर भवन में धूम धाम से मनाया जाएगा। जिसमें लोहरदगा जिला के विभिन्न गांवों से आदिवासी भेष भूषा में महिलाएं और पुरुष हज़ारों की संख्या में भाग लेंगे। साथ ही समाज के अगुवा एवम उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान समय में विश्व आदिवासी दिवस की महत्व को गांव गांव में प्रचार प्रसार किया जाएगा। आज के बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, मोहन दुबे,ठाकुर प्रसाद,संतोषी उरांव, सत्यदेव भगत,जुगल भगत, विनोद सिंह खेरवार,कुणाल अभिषेक, इंद्रदीप तिग्गा, दुर्गा उरांव, आलोक राज, संजय नायक,बैजू उरांव, कबीर अंसारी,जैनुल अंसारी, अबुल अंसारी आदि ।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : जवाहर नवोदय विद्यालय,जोगना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा-6 में नामांकन के लिए होनेवाली प्रवेश परीक्षा के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 10.08.2023 है। चयन परीक्षा दिनांक 20.01.2024 को होगी। इच्छुक छात्र-छात्रा का जन्म दिनांक 01.05.2012 से 31.07.2014 के बीच हुआ होना चाहिए। एक अभ्यर्थी को केवल एक बार जेएनवीएसटी के लिए आवेदन करने की अनुमति है। पंजीकरण डेटा के सत्यापन के दौरान, यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने पिछले वर्षों में आवेदन किया था, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रेशन एवं अन्य जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय के पोर्टल https://navodaya.gov.in/ पर क्लिक किया जा सकता है।

## जलडेगा में हुआ नवपदस्थापित ओपी प्रभारी का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा** : जलडेगा प्रखंड के ओडगा ओ.पी प्रांगण में नव पदस्थापित ओपी प्रभारी पंकज कुमार का माला से स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रभारी पंकज कुमार ने ग्रामीणों से अपील किया कि किसी तरह की क्षेत्र में अप्रिय घटना घटती है या सूचना मिलती है तो तुरंत थाना प्रभारी या पुलिस के सदस्यों को सूचित करें ।उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसी को भी थाना आने से ना हिचकी , यदि कोई व्यक्ति कोई भी फरियाद लेकर थाना आएगा तो निश्चित रूप से उनका कार्य का तुरंत निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने मोहर्रम को लेकर कहा किसी तरह का अफवाह से दूर रहें अगर कोई व्हाट्सएप ,ट्विटर ,इंस्टाग्राम पर पोस्ट आता है तो अपने से पोस्ट का सत्यापित कर पोस्ट को शेयर करें अन्यथा थाना को सूचना दें अगर कोई व्यक्ति किसी तरह का अफवाह फैलाने की कोशिश करता है तो उसे शत से शत कानूनी करवाई जाएगी। सभी समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी कोई मिलजुल कर भाई चारे के साथ हर्ष उल्लास के साथ सभी पर्व को मनाने की बात कही। इस मौके पर जलडेगा प्रमुख जुसाफ लुगुन, ओडगा मुखिया मुकुट समद, ओडगा पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार महतो, कुटुंगिया पंचायत समिति सदस्य साबनम जोजावर, एसआई प्रिंस कुमार, ऐएसआई प्रमोद कुमार, वार्ड सदस्य रहित राणा, समाजसेवी शाहजहां खान, राम कृष्णा साहू इस्लाम मियां, नरेश बड़ाईक, बबलू खान, दिनेश माझी, अनु खान, छोटू बड़ाईक, बलराम साहू ,परवेज मियां, मिशन बदलाव के सदस्य तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने किया शिव मंदिर टुकुपानी का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा** : आज सुबह ठेठईटांगर प्रखंड के टुकुपानी स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना की सूचना पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक एवं केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल शिव मंदिर पहुंचकर जायजा लिया एवं मंदिर समिति से चर्चा की साथ ही ठेठईटांगर थाना प्रभारी को जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। मौके पर केंद्रीय मंत्री सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा दिसावर का पवित्र मास चल रहा है, पर कुछ असामाजिक तत्व हमारे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन जल्द इस घटना का उद्भेदन कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें । मौके पर पूजा समिति के सदस्यों के अलावा श्रद्धानंद बेसरा अनुप प्रसाद नरेंद्र बड़ाईक नवीन सिंह सुधीर प्रसाद नीरज बड़ाईक मौजूद थे।

## आईएचएम रांची में युवक-युवतियों की काउंसलिंग 31 जुलाई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : एससीए अंतर्गत आईएचएम,रांची में विभिन्न कोर्स हेतु लोहरदगा जिला से युवक-युवतियों के चयन हेतु काउंसेलिंग का आयोजन दिनांक 31.07.2023 को जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में किया गया है। इसमें आईएचएम रांची के प्रतिनिधियों द्वारा काउंसेलिंग की जाएगी। इस काउंसेलिंग में वैसे युवक-युवतियां शामिल होंगे जिन्होंने आईएचएम, रांची से डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस या डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग या क्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एण्ड पेस्ट्री कोर्स के लिए आवेदन किया है। डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस कोर्स के लिए 38, डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग कोर्स के लिए 23 और क्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एण्ड पेस्ट्री कोर्स के लिए 34 युवक-युवतियों ने आवेदन दिया है। काउंसेलिंग का समय 11 बजे पूर्वाहन से निर्धारित किया गया है। चयनित युवक-युवतियों को लोहरदगा जिला से दिनांक 04.08.2023 को मध्याह्न 12 बजे आईएचएम, रांची के लिए भेजा जाएगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बालिका शिक्षा विभाग ने किया आयोजन

### लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रेरणा तिग्गा बनी विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में बालिका शिक्षा विभाग द्वारा एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिवक्ता सुषमा सिंह एवं अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत विज्ञान 12वीं की बहन शशि कच्छप ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोक गायिका अंशु गिरी काव्या के द्वारा भोजपुरी गणेश वंदना से हुआ। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेरणा तिग्गा और द्वितीय स्थान रौशनी उरांव ने प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में पूनम कुमारी,पूजा कुमारी,संजीवनी साहू,कनिका कुजूर,मंजिला कुमारी,प्रियंका उरांव,ज्योति प्रिया कुजुर, रोशनी उरांव,नेहा कुमारी का भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। मुख्य अतिथि जे एम एस की डायरेक्टर सुषमा सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है,हमें छोटी कक्षा से इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए ताकि हमारा विकास हर तरह से हो सके। हम अपनी बातों को शुरू जहां से भी करे,अंत मुस्कुराते हुए करना चाहिए। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें अपनी प्रतिभाओं को बाहर लाना चाहिए ताकि हम लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सके। निर्णायक मंडली में सीमा कुमारी,सीमा केसरी और अंशु गिरी काव्या थी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकांक्षा पांडे और धन्यवाद ज्ञापन कक्षा 12वीं की छात्रा बबली कुमारी ने किया। कार्यक्रम में सचिव अजय प्रसाद,बालिका शिक्षा विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा,प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी,रेणु कुमारी,रश्मि साहू, यशोदा कुमारी,कविता कुमारी, चेतना प्रिया,आरती भगत,रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं भैया बहन उपस्थित थे।

## मुंबई में उत्सव पोद्दार का पहला म्यूजिक वीडियो जी म्यूजिक कंपनी से हुआ लॉन्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : रांची निवासी उत्सव पोद्दार मुंबई में गायन एवं मनोरंजन के क्षेत्र में कदम रखा है। रांची मारवाड़ी महिला समिति की मीडिया प्रभारी सह समाजसेवी अन्नू पोद्दार एवं व्यवसायी राजू पोद्दार के पुत्र उत्सव पोद्दार ने आज मुंबई में म्यूजिकल लेबल जी म्यूजिक कंपनी से अपना पहला म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया।

उत्सव पोद्दार इस म्यूजिक वीडियो गाने के गायक है,म्यूजिक वीडियो का निर्देशन रिशव अग्रवाल द्वारा किया गया है तथा स्टार कास्ट उत्सव पोद्दार और ओनिमा कश्यप मुख्य भूमिका में है। म्यूजिकल वीडियो वाकई बहुत ही आकर्षक एवं बेहतरीन बना है। इसका पोस्टर भी शानदार है। ज़ी म्यूजिक कंपनी से रिलीज म्यूजिक वीडियो के लांच के अवसर बड़ी संख्या में लोग म्यूजिक वीडियो को ऑनलाइन यूट्यूब में देखें। उत्सव पोद्दार का पहला म्यूजिक वीडियो जी कंपनी से लॉन्च होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन,मारवाड़ी सहायक समिति,अग्रवाल सभा, मारवाड़ी महिला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्सव पोद्दार एवं उनके परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उत्सव के उज्जवल भविष्य की कामना की है। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बधाई देते हुए कहा है कि उत्सव पोद्दार गायकी एवं अदाकारी में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा हमारे समाज के लिए गौरव की बात है कि मारवाड़ी समाज के बच्चे शिक्षा एवं खेल के साथ साथ मनोरंजन के क्षेत्र में भी अपना उत्कृष्ट एवं बेहतरीन कार्य कर समाज को गौरवान्वित कर रहे हैं।

## 31 को होगी भव्य कांवर यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : आज जय श्रीराम समिति की बैठक राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में नगर अध्यक्ष दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी,जिला महामंत्री अजय साहू,जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह,ओम महतो जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू,विक्की कसेरा,अनुज कुमार सह-कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद,दीपक साहू,चंदन साहू,अभिषेक कुमार सूर्या मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से भव्य कांवरिया पदयात्रा को लेकर रणनीति बनाई गई। ज्ञात हो कि 31 जुलाई 2023 दिन सोमवार प्रातः 7ः00 बजे से शंख नदी से जल उठा कर स्वयंभू महादेव मंदिर छत्तर बगीचा में पहुंचकर भगवान महादेव जी में जल चढ़ाया जाएगा। तत्पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन होगी। आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं जिसकी भव्यता देखते ही प्रतीत होगी। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा पूर्व में कांवरिया यात्रा की जाती था लेकिन विगत कुछ वर्षो से नहीं हो पा रही था इस कांवरिया यात्रा से लोहरदगा वासी बहुत ही उत्साहित हैं। इस कांवरिया यात्रा में शामिल होकर खुद को गौरवान्वित महसूस होगा ऐसा सभी भक्तों का कहना है। बैठक में नगर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष लाल नितेश नाथ शाहदेव, अनिकेत उपाध्याय,अकाश साहू, निखिल कुमार,राकेश साहू, विष्णु साहू,सूरज सिंह,विशाल कुमार, आशीष साहू, प्रतिश कुमार, राकेश साहू, आशीष कुमार, पवन प्रजापति,अमित साहू, विक्रांत कुमार, पिंटू साहू, नितिन साहू,सुशील पटनायक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पोक्सो एक्ट पर मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लोहरदगा के मार्गदर्शन में आज सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय %मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन,कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानो से आए पुलिस अधिकारी,बाल कल्याण समिति के सदस्य,एलएडीसीएस के अधिवक्ता पैनल अधिवक्ता,मध्यस्थ अधिवक्ता,एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल,पोक्सो स्पेशल जज श्री अखिलेश कुमार तिवारी, उपायुक्त लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्ण,बार के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में उपायुक्त महोदय ने डालसा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की तारीफ की और प्रतिभागियों को ज्यादा ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया। डालसा अध्यक्ष ने अपने भाषण में कहा कि प्रतिभागी ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों को पूछ कर शंकाओं को खत्म करें ताकि अधिनियम को सही ढंग से लागू किया जा सके। कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट,श्री अखिलेश कुमार तिवारी ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि पोक्सो कानून के द्वारा बच्चियों के विरुद्ध किए जा रहे यौन दुर्व्यवहार को कठोर दंड देकर रोकने का प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि इसमें दोषी को कठोरतम सजा का प्रावधान किया गया है और यौन अपराध से संबंधित मामलों को न्यायालय प्राथमिक स्तर पर तीव्र गति से निपटारा करती है । उन्होंने प्रतिभागियों को पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल ने पोक्सो एक्ट के तहत बालकों-बालिकाओं की स्थिति एवं जूविनाइल जस्टिस एक्ट के तहत बालकों के संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रावधानों को बताया जबकि प्रोबेशन ऑफीसर अनुरंजन कुमार ने एसआई रिपोर्ट एवं बच्चों एवं उसके माता-पिता के काउंसलिंग के महत्व को बताया । कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के द्वारा किया गया । डालसा सचिव ने कार्यक्रम के गंभीरता के विषय में प्रतिभागियों को बताया । धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## चलते चलते एक नजर

### राज्यपाल से मिले एनयूएसआरएल के कुलपति



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को रांची के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल ने राजभवन में मुलाकात की। पाटिल ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

### जापान के विदेश मंत्री ने की दिल्ली मेट्रो की यात्रा

**नई दिल्ली :** दो दिवसीय दौरे पर भारत आए जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो की यात्रा की। इस दौरान उनके साथ नई दिल्ली में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी और डीएमआरसी के निदेशक (संचालन और सेवाएं) डॉ. अमित कुमार जैन भी थे। उन्होंने केंद्रीय सचिवालय से चावड़ी बाजार के बीच मेट्रो में यात्रा की। यात्रा पटेल चौक मेट्रो संग्रहालय की यात्रा के साथ समाप्त हुई। दिल्ली मेट्रो परियोजना भारत-जापानी सहयोग का प्रतीक है और जापान सरकार ने शुरुआत से ही दिल्ली मेट्रो परियोजनाओं को पर्याप्त रूप से वित्त पोषित किया है और परियोजना के चौथे चरण को भी वित्त पोषित कर रहा है।

### सेना प्रमुख ने लद्दाख के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

**लेह :** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को लद्दाख के अग्रिम इलाकों का दौरा किया। इस दौरान जनरल पांडे को ने सैनिकों से वार्ता की और सैन्य अधिकारियों ने उन्हें लद्दाख के अग्रिम इलाकों के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। शुक्रवार को सेना ने एक ट्वीट के माध्यम से जानकारी दी कि सेना प्रमुख मनोज पांडे ने सैनिकों से बातचीत के दौरान उन्होंने उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की और उन्हें अत्यधिक व्यावसायिकता और सकारात्मक भावना के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि भारत-चीन सीमा पर जारी तनाव के बीच सेना प्रमुख का यह दौरा हो रहा है। इससे पहले गुरुवार को जनरल पांडे ने सियाचिन ग्लेशियर के जमे हुए युद्ध क्षेत्र का दौरा किया और वहां परिचालन तैयारियों की समीक्षा भी की थी।

## खूंटी जैसा पलामू में भी विकास की रोशनी बिखेरेंगे नए डीसी शशि रंजन!

**रविन्द्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र**

**रांची :** खूंटी में 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंच कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातें कीं और उनका हालचाल पूछा। कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुईं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का रोजगार देख कर वे बाग-बाग हो गईं और जिले के तत्कालीन डीसी शशि रंजन (अब पलामू डीसी) के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। झारखंड के सबसे छोटे जिला खूंटी में अपने कार्यकाल के दौरान शशि रंजन ने विकास की जो लकीर खींची है, वह मिशाल है। आदिवासी बहुल जिले के हजारों गरीब महिलाओं को उनके प्रयास से रोजगार मिला। शशि रंजन ने खूंटी का चहुंमुखी विकास किया। उन्होंने पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य, सिंचाई आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करके इतिहास रचा। बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातु का कायाकल्प हो गया। यहां विकास के कई काम किए गए। उलिहातु अब एक पर्यटक स्थल के रूप में भी स्थापित हो गया। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्होंने लतरातु जलाशय, पंचघाघ, पेरवाघाघ, उलुंग जलप्रपात और पैलोल डैम का कायाकल्प किया। जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में उन्होंने ऐसा काम किया, जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में की। शशि रंजन के प्रयास का ही प्रतिफल है कि जिले में ड्रैगन फ्रूट, चीकू और लेमनग्रास की खेती बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिले में उन्होंने जैविक

* खूंटी में शशि रंजन द्वारा किए गए कार्यों का राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कर चुके हैं प्रशंसा



खेती को भी बढ़ावा दिया। डीसी शशि रंजन के प्रयास से जिले में लगाया गया हेल्थ मेगा कैंप ऐतिहासिक रहा। साथ ही डीसी शशि रंजन ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन एमसीएच परिसर में 50 बेड वाले हाईटेक वातानुकूलित अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अस्पताल में मरीजों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। खूंटी का मनरेगा पार्क तो अद्भुत है। खूंटी में शशि रंजन द्वारा किए गए विकास की चर्चा चहुओर हो रहा है। अब वे पलामू के डीसी बन गए हैं। यहां के लोगों की चाहत है कि जिस तरह से उन्होंने खूंटी का विकास किया, उसी तरह से पलामू का भी विकास हो। यहां भी कई जगह ऐसे हैं, जहां पर्यटन को विकसित किया जा सकता है। कृषि, सिंचाई व जल संरक्षण के क्षेत्र में भी यहां असीम संभावना है। पलामू में भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार की जरूरत है। शुक्रवार को पलामू में योगदान देने के बाद उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बेहतर प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित रखना और उसे ससमय पूर्ण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी ली।

## नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी तरल पर कार्यशाला का आयोजन



**एजेंसी**

**लखनऊ :** लखनऊ में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी तरल पर आधारित जनपद स्तरीय सहकारी कार्यशाला का आयोजन सहकारिता भवन सभागार मे किया गया। जिसके मुख्य रामचन्द्र प्रधान सदस्य विधान परिषद रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन मे कहा कि नैनों यूरिया तथा नैनों डीएपी का प्रयोग किया जाना किसानो के हित मे है। इससे पर्यावरण प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी तथा देश को उर्वरक आयात पर निर्भरता भी कम होगी। उन्होंने आगे कहा कि आज इफ़्को, रासायनिक उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सबसे बडी संस्था है तो भी उनके द्वारा रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम कर नैनों उर्वरकों का प्रयोग किए जाने की सलाह किसानों के हित मे दी जा रही है। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक( बैंकिंग) बी चन्द्रकला ने विशिष्ट अतिथि पद से अपने संबोधन मे किसानों को नई पीढ़ी के नैनों उर्वरकों का प्रयोग किए जाने की सलाह दी। कार्यक्रम में श्री एसपी सिंह उप महाप्रबंधक इफ़्को द्वारा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के तकनीकी पहलू पर प्रस्तुतिकरण देते हुए बताया गया कि किस प्रकार एक बोतल नैनों यूरिया एक बोरी यूरिया तथा एक बोतल नैनों डीएपी एक बोरी डीएपी को प्रतिस्थापित कर सकती है। कृषि विज्ञान केन्द्र लखनऊ के वैज्ञानिक डा अखिलेश दुबे ने कहा कि नैनो यूरिया व डीएपी के प्रयोग से किसान गुणवत्तापूर्ण अधिक उत्पादन ले सकते है। कार्यक्रम में वीरेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, इफ़्को के क्षेत्र अधिकारी अरविंद कुमार सहायक ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, लखनऊ शैल कुमारी के साथ समन्वय स्थापित कर इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया जिसमे 300 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## मुहर्रम पर्व पर विधि व्यवस्था का जायजा लेने बालूमाथ पहुंचे एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** मुहर्रम पर्व को देखते हुए बालूमाथ में शांतिपूर्वक मुहर्रम मनाने की तैयारी का जायजा लेने लातेहार एसपी अंजनी अंजन शुक्रवार को बालूमाथ थाना पहुंचे। व उपस्थित पदाधिकारियो व पुलिस के जवानों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने ड्यूटी के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। और जब भी कोई घटना की आशंका हो तो उसे आप उस घटना को टालने का प्रयास करते हुए इसकी सूचना हर हाल में वरीय पदाधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि लातेहार पुलिस इस त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर हर स्थिति परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से



अपील करते हुए कहा कि त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं और जो लोग यह त्यौहार को नहीं मना रहे हैं वह दूसरे लोगों को शांतिपूर्वक मनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला में इस त्यौहार को मनाने के लिए कल भी कई जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया था और आज बालूमाथ में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। इस मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन, समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। वही मोहर्रम शांतिपूर्वक मनाने को लेकर एक फ्लैग मार्च निकाला गया जो बालूमाथ थाना परिसर से आरंभ होकर दुर्गा मंडप ,गालिब कॉलोनी, मस्जिद, तेली टोला होते हुए बाजार होते थाना पहुंचा।

## मणिपुर हिंसा पर एक्शन में सीबीआई

**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर हिंसा और साजिश मामले में सीबीआई एक्शन में आ गई है. सीबीआई ने हिंसा और साजिश से संबंधित छह प्राथमिकी दर्ज की हैं. जांच एजेंसी इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. कहा जा रहा है कि सीबीआई सामूहिक दुष्कर्म (वायरल वीडियो मामला) की घटना के संबंध में नई एफआईआर (सातवीं एफआईआर) दर्ज करेगी. बता दें कि मणिपुर में 86 दिन से हिंसा की घटनाएं देखने को मिल रही हैं. इस बीच, केंद्र ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हमने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र परेड कराए जाने के मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है. गृह मंत्रालय ने अपने सचिव अजय कुमार भल्ला के माध्यम से शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर किया है, जिसमें समयबद्ध तरीके से सुनवाई पूरी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मामले की सुनवाई को



मणिपुर से बाहर ट्रांसफर करने का आग्रह किया है. सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देने के साथ-साथ गृह मंत्रालय ने राज्य में शांति बहाली की कोशिश भी तेज कर दी है. सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह मैतेई और कुकी समुदाय दोनों के शीर्ष प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं. ये कोशिश की जा रही है कि दोनों समुदायों को बातचीत की मेज पर लाया जाए. हालांकि दोनों समुदायों के बीच सुलह पर राय बंटी हुई है, लेकिन सरकार को उम्मीद है कि जल्द ही बातचीत में कोई सफलता मिलेगी.

बता दें कि मणिपुर में पिछले सप्ताह दो महिलाओं का निर्वस्त्र कर परेड कराए जाने का वीडियो सामने आया था. इन दोनों महिलाओं के साथ गैंगरेप भी किया गया था.

### मणिपुर के बिष्णुपुर में दो समूहों के बीच गोलीबारी, सेना का जवान घायल

इंफाल : मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में सेना के एक जवान सहित दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि राज्य की राजधानी इम्फाल से लगभग 50 किलोमीटर दूर फौबाकचाओ इखाई क्षेत्र में गुरुवार सुबह गोलीबारी शुरू हुई और देर रात तक लगभग 15 घंटे तक जारी रही। इस दौरान गोलीबारी में शामिल भीड़ ने एक घर को भी जला दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो पक्षों के बीच गोलीबारी में शामिल भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिसकर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, हमले के दौरान तेरा खोंगसांगबी के समीप स्थित घर में आग लगा दी गई। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि घटना में कोई हताहत तो नहीं है। मणिपुर में करीब तीन महीने पहले कुकी और मेइती समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़की थी और तब से इसमें 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मुठभेड़ में घायल पुलिस कमांडो की पहचान 40 वर्षीय नामीराकपम इबोम्चा के रूप में हुई है।

### बलूचिस्तान की आजादी के लिए डॉ कादरी ने किया गंगा पूजन

**हरिद्वार :** बलूचिस्तान की निर्वासित सरकार की प्रधानमंत्री डॉ नायला कादरी शुक्रवार को उत्तराखंड के हरिद्वार पहुंचीं। यहां उन्होंने चौधरी चरण सिंह वीआईपी घाट पर मां गंगा का विशेष पूजन हवन और दुग्धाभिषेक कर बलूचिस्तान की स्वतंत्रता की प्रार्थना की। गंगा पूजन के बाद नायला कादरी ने कहा कि सनातन धर्म के मंदिर और उपासना स्थल सम्पूर्ण मानवता के प्रतीक और सम्मान के प्रतीक हैं। पता नहीं वो कौन सा पागलपन है जो कुछ लोगों को ऐसे मन्दिर और उपासना स्थल को तोड़ने की इजाजत देता है। मन्दिरों को तोड़ने वाले कोई राजा, महाराजा या सुल्तान नहीं थे बल्कि चोर-डाकू थे। उन्होंने कहा कि ऐसे चोर-डाकुओं की औलादों को अपने पुरखों के कारनामों पर शर्मिंदा होना चाहिए और इसके लिए हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो बलोचों के साथ हो रहा है उससे सारे विश्व को सबक लेना चाहिए।

## इस्लाम तलवार से नहीं अच्छे किरदार से फैला है : मौलाना तहजीबुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नवी मुहर्रम को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैयद फ़राज़ अब्बास और उनके घर वालो की उपस्थिति में अनवर आर्केड में मजलिस जक्रि शहीदाने कर्बला का आयोजन किया गया। मजलिस में पेश खानी अशरफ हुसैन, कासिम अली, हाशिम अली ने किया। मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफ़रिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि इस्लाम तलवार से नहीं अच्छे किरदार से फैला है। आज के जमाने में लोग तकरीर को ही इस्लाम समझ लेते हैं, जबकि तकरीर इस्लाम नहीं है, किरदार इस्लाम है। आज जमाने में जिस तरीके से फूट डाली जा रही है और समाज को तोड़ने की



साजिश की जा रही है ये यहूदी साजिश का नतीजा है। हजरत इमाम हुसैन कर्बला की जंग तलवार से नहीं किरदार से जीती है। जगे कर्बला की रात वह कयामत कि रात है जब इमामे हुसैन के 72 साथियों ने इस्लाम को बचाने की खातिर शहादत देने को तैयार हैं। मजलिस के बाद मातमी जुलूस अनवर आर्केड से निकाला,जो अंजुमन प्लाजा, डॉक्टर फत्ताउल्लह रोड, विक्रांत चौक होते हुए मस्जिद जाफरिया पहुंचकर संपन्न हुआ। 29 जुलाई 2023 को दिन के 1:30 बजे निकलेगा मातमी जुलूस :मुहर्रम के दसवीं पर मस्जिद जाफरिया से मातमी जुलूस 1:30 बजे निकलेगा जो चर्च रोड, डेली मार्केट, टैक्सी स्टैंड, अंजुमन प्लाजा, डॉक्टर फतुल्लह रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक होते हुए कर्बला में संपन्न होगा। डेली मार्केट और कर्बला चौक के पास खूनी मातम होगा।

## ओमेक्स ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रोहतास गोयल पद से हटे, कमान बेटों को सौंपी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रमुख रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन कांट्रेक्टिंग कंपनी ओमेक्स लिमिटेड ने अपनी लीडरशिप में एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। इसके फाउंडर और चेयरमैन रोहतास गोयल ने एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है और एक नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और अध्यक्ष के रूप में बने रहने का फैसला किया है। एक रणनीतिक कदम में, श्री गोयल ने व्यवसाय की बागडोर अपने दोनों बेटों को दी है। अब मोहित गोयल और जतिन गोयल कंपनी में जॉइंट लीडरशिप रोल्स निभाएंगे। इस बदलाव के साथ, ओमेक्स नई पीढ़ी के प्रमुख पदों पर आसीन होने के साथ एक नए युग में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। अपने इस निर्णय पर रोहतास गोयल चेयरमैन, नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ओमैक्स ग्रुप ने कहा,मुझे गर्व है कि मेरे दोनों बेटे ओमैक्स की कमान संभाल रहे हैं। यह परिवर्तन कंपनी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित गोयल ने कहा कि हमारा प्राथमिक ध्यान कर्ज को कम करने और कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने पर होगा। हम विकास को बढ़ावा देने और अपने हितधारकों के लिए मूल्य बनाने के लिए, सार्वजनिक-निजी भागीदारी की खोज करने को लेकर भी उत्साहित हैं। ओमेक्स असाधारण रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स देने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं से अधिक है। अपने भाई की भावनाओं को दोहराते हुए,जतिन गोयल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा कि,हम अपने पिता द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्माण करने और ओमेक्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ओमेक्स वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी, चांदनी चौक और द्वारका में दो प्राइवेट पार्टनरशिप प्रोजेक्ट्स में इन्वॉल्व है। कंपनी ने चांदनी चौक में अपने रिटेल प्रोजेक्ट ओमेक्स चौक के लिए अधिभोग प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया है।

## मप्रः नाबालिग के साथ हैवानियत, सामूहिक दुष्कर्म कर प्राइवेट पार्ट में डाली लकड़ी, हालत गंभीर

**एजेंसी**

**सतना :** मध्य प्रदेश के सतना जिले में नाबालिग के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर एक गांव में दो दुष्कर्मियों ने नाबालिग को पहाड़ी पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाल दी। बच्ची को गंभीर हालत में रीवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज में जुटे डॉक्टरों के अनुसार पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार सुबह मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब खून से लथपथ हालत में नाबालिग अपने घर पहुंची। बच्ची गत गुरुवार दोपहर करीब एक बजे घर के बाहर से लापता हो गई थी। शुक्रवार घर पहुंचने पर उसकी हालत बेहद खराब थी। वजह पूछने पर उसने परिजन को वारदात की जानकारी दी। इसके बाद परिजन स्थानीय लोगों के साथ थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित किशोरी के बयान के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान रवीन्द्र कुमार रवि और अतुल बढ़ोलिया के रूप में की गई है। दोनों आरोपित मैहर मंदिर प्रबंध समिति की गौशाला के कर्मचारी हैं। जानकारी मिलते ही मैहर एसडीएम सुरेश जाधव, एसडीओपी लोकेश डावर, टीआई अनिमेष द्विवेदी और तहसीलदार जितेंद्र पटेल भी सिविल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली। बच्ची के इलाज के संबंध में डॉक्टरों से चर्चा भी की। एसडीएम जाधव ने बताया कि नाबालिग को बेहतर इलाज के लिए रीवा रेफर किया है। टीआई अनिमेष द्विवेदी उसके साथ गए हैं। वहीं, एसडीओपी लोकेश डावर ने बताया कि मेडिकल में नाबालिग के साथ



दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। गिरफ्तार में लिए गए दोनों आरोपितों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

**कोई अपराधी बचना नहीं चाहिए: मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि कहा कि मैहर की बेटी के साथ दुष्कर्म की जानकारी मिली है। मन पीड़ा से भरा हुआ है व्यथित हूं। मैंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि कोई अपराधी बचना नहीं चाहिए। पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि बेटी के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। कोई भी अपराधी बचेगा नहीं, कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**कमलनाथ ने साधा सरकार पर निशाना**

मासूम से सामूहिक दुष्कर्म की इस घटना पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा- मध्य प्रदेश में रोज ऐसी घटनाएं हो रही हैं। बच्चों के साथ बलात्कार, महिलाओं पर अत्याचार, आदिवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग पर अत्याचार आज मध्य प्रदेश की छवि बन गई है। कमलनाथ ने पीड़िता को बेहतर उपचार और एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग की है। इधर, मैहर में मां शारदा देवी मंदिर प्रबंधन समिति के दोनों कर्मचारियों को अशोभनीय कृत्य और मैहर थाने में लैंगिक अपराध का प्रकरण दर्ज होने पर सेवा से पृथक कर दिया गया है। प्रबंधन समिति द्वारा रखे गए कर्मचारी रविन्द्र कुमार रवि और अतुल बढ़ोलिया की सेवाएं प्रशासक मां शारदा देवी मंदिर प्रबंधन समिति एवं एसडीएम मैहर सुरेश जादव ने समाप्त कर दी है। वहीं, पीड़ित बच्चे के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता कराई गई है।